सूर्योदय - 05:58
सूर्यास्त - 06:00
अधिकतम तापमान 29.0°
न्यूनतम तापमान 22.0°

# ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 71 गुरुग्राम (हरियाणा), 'मंगलवार, 13 अक्तूबर 2026 | हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित | ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ठ : 08

## नागरिकों को निर्बाध बिजली सप्लाई सुलभ करवाना सरकार का दायित्व : मुख्यमंत्री

### 500 रुपए मासिक जोखिम भत्ता देने की घोषणा करी, 6105 गांवों में मिल रही 24 घंटे बिजली सप्लाई

ओपन सर्च/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने बिजली निगमों की बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि नागरिकों को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई सुलभ करवाना सरकार का दायित्व है। इसके लिए अधिकारी बिजली कार्यों को प्राथमिकता देते हुए उपभोक्ताओं को 24 घण्टे बिजली सुलभ करवाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री सोमवार को चण्डीगढ में सभी बिजली निगमों के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव श्री राजेश खुल्लर, मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी, अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल भी मौजूद रहे।

**उद्योगों को निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई सुलभ करवाना करें सुनिश्चित:** मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम मिलेनियम सिटी है, इसमें ग्रुप हाउसिंग सोसायटी के आरडब्लूए उपभोक्ताओं को मंहगे रेट पर बिजली सप्लाई करने की शिकायत मिल रही है। निगम के वरिष्ठ अधिकारी उनके साथ बैठक आयोजित कर नॉर्म तय करें और उपभोक्ताओं के लिए उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर 57 के 220 केवी सब स्टेशन में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर लगाने, सेक्टर 38 के पावर हाउस की चारदिवारी बनाने, घरौंडा व नांगल चौधरी सब स्टेशन में कंट्रोल रूम बनाने, मलिकपुर, मानेसर सब स्टेशन की चारदिवारी बनाने के कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि फरीदाबाद औद्योगिक नगरी है, इसलिए उद्योगों में भी निर्बाध रूप से बिजली सप्लाई सुलभ करवाना सुनिश्चित करें जिससे उद्योगों का कार्य सुचारू ढंग से चलता रहे। उन्होंने कहा कि बिजली के गलत बिल आने की समस्याओं का निवारण करने के लिए कोई बेहतर पोलिसी तैयार की जाए ताकि उनका उचित समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उपभोक्ताओं की शिकायतों की हेल्पलाईन नम्बर के माध्यम से सुनवाई की जाए तथा उस पर आने वाली समस्याओं का त्वरित निदान किया जाए।

**जॉब सिक्योरिटी के लिए आवश्यक औपचारिकताएं सप्ताह में पूरी करने के निर्देश**

बैठक में मुख्यमंत्री ने बिजली कर्मचारियों की समस्याओं पर संज्ञान लेते हुए उन्हें 500 रुपए मासिक जोखिम भत्ता देने की घोषणा की। उन्होंने युवाओं की जॉब सिक्योरिटी के लिए सभी एचओडी को आवश्यक औपचारिकताएं एक सप्ताह में पूरी करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री की इस घोषणा से बिजली निगमों के हजारों कर्मचारियों को सीधा वित्तीय लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क किनारे बिजली लाईन डालते समय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पोल सड़क के चौड़ीकरण एवं सुदृढीकरण में कोई दिक्कत न आए। सड़कों के विस्तारीकरण के समय नजदीक लगे पोल व लाईन हटाने में दिक्कतें पेश आती हैं। इसलिए लाईन बिछाने के लिए सही योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि नवीनतम जीआईएस तकनीक का लाभ उठाते हुए बिजली घरों में कार्य किया जाए। इसके अलावा निगमों में एक एडवांस ट्रांसफार्मर की उपलब्धता का भी प्रावधान किया जाए।

**किसानों के खेत की मेढ पर सोलर पैनल लगाए जाने की बनाई जाए योजना:** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाअभियान के तहत सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए किसानों के खेत की मेढ पर सोलर पैनल लगाए जाने की योजना बनाई जाए ताकि किसानों की आमदनी का साधन बन सके ओर प्रदेश बिजली क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सके।

## हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने धान खरीद, उठान और किसानों को भुगतान की समीक्षा की

ओपन सर्च/ब्यूरो

■ मंडी प्रबंधन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, बारिश से फसल को नुकसान न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** हरियाणा के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री राजेश नागर ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रदेश की सभी मंडियों में धान एवं बाजरा खरीद, अनाज के उठान, भंडारण और किसानों को किए जा रहे भुगतान की विस्तृत समीक्षा की और अधिकारियों से मौजूदा खरीद सीजन की प्रगति की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए कि किसानों को अपनी फसल बेचने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और खरीदे गए अनाज का समय पर उठान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की रक्षा, अनाज की गुणवत्ता बनाए रखना और खरीद से लेकर भुगतान तक की पूरी व्यवस्था को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना सरकार की प्राथमिकता है। बैठक के दौरान मंत्री राजेश नागर ने मंडियों में पहुंच रहे अनाज की सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों की भी जानकारी फरीदाबाद में वीडिया कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से ली। उन्होंने कहा कि किसान दिन-रात मेहनत करके अनाज पैदा करता है और उसकी फसल का एक-एक दाना खरीदना सरकार की प्राथमिकता है। इसलिए अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि मंडियों में आने वाले अनाज की खरीद नियमानुसार हो और उसे सुरक्षित तरीके से संबंधित खरीद एजेंसियों के भंडार गृहों तक पहुंचाया जाए। अधिकारियों ने मंत्री को अवगत कराया कि 12 अक्टूबर तक प्रदेश की मंडियों में कुल 18.06 लाख मीट्रिक टन धान की आवक हो चुकी है। इसमें से 11.90 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है, जबकि लगभग 4.88 लाख मीट्रिक टन धान का उठान भी किया जा चुका है। इससे प्रदेश में खरीद प्रक्रिया की प्रगति और उठान व्यवस्था की स्थिति की जानकारी मिली। बैठक में किसानों को किए जा रहे भुगतान की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि अब तक 48,152 किसानों को लगभग 758 करोड़ रुपये का भुगतान किया जा चुका है। मंत्री ने भुगतान प्रक्रिया की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को उनकी फसल का पैसा समय पर मिलना चाहिए, ताकि उन्हें आर्थिक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भुगतान से संबंधित प्रक्रियाओं को सुचारु रखा जाए और किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी न होने दी जाए। खरीद एजेंसियों की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 7.02 लाख मीट्रिक टन, हैफेड ने 3.50 लाख मीट्रिक टन और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन ने 1.38 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की है। इसके अतिरिक्त निजी व्यापारियों द्वारा भी धान की खरीद की गई है। अधिकारियों के अनुसार, निजी व्यापारियों के माध्यम से खरीदे गए धान का औसत भाव 2,466 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जो न्यूनतम समर्थन मूल्य से कुछ अधिक है।

## प्रदेश सरकार विकास के साथ-साथ देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के सम्मान को भी प्राथमिकता दे रही : रणबीर गंगवा

ओपन सर्च/ब्यूरो

■ 3.5 करोड़ की लागत से बरवाला में बनेगा सिटी पार्क तथा शहीद स्मारक, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने किया शिलान्यास

**चंडीगढ़।** प्रदेश के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोकनिर्माण मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने सोमवार को हिसार जिला के बरवाला में 3.5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सिटी पार्क तथा शहीद स्मारक का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शहरों के विकास के साथ-साथ देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों के सम्मान को भी प्राथमिकता दे रही है। सिटी पार्क और शहीद स्मारक का निर्माण बरवाला के विकास को नई दिशा देने के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण साबित होगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सिटी पार्क शहरवासियों के लिए स्वच्छ, सुंदर और हरित वातावरण का केंद्र बनेगा। इससे लोगों को सुबह-शाम सैर करने, योग एवं व्यायाम करने और परिवार के साथ समय बिताने के लिए बेहतर सार्वजनिक स्थान मिलेगा। पार्क के विकसित होने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि किसी भी शहर का वास्तविक विकास तभी संभव है, जब वहां नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ स्वच्छ वातावरण, हरियाली और मनोरंजन के उचित साधन उपलब्ध हों। ऐसी परियोजनाएं न केवल शहर की सुंदरता बढ़ाती हैं, बल्कि लोगों को प्रकृति के करीब आने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक होने का अवसर भी प्रदान करती हैं।

उन्होंने कहा कि देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले वीर जवानों का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। शहीद स्मारक उनके अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्र के प्रति समर्पण का प्रतीक बनेगा। यह आने वाली पीढ़ियों को देशभक्ति और राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देगा। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि सरकार का प्रयास है कि शहरवासियों को बेहतर सुविधाएं मिलें। इसके लिए बरवाला में अनेकों कार्य करवाए गए हैं और आने वाले समय में भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जाने हैं। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि विकास और नागरिकों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता है। बरवाला में शुरू की गई विभिन्न विकास परियोजनाएं शहर के उज्ज्वल भविष्य की भावना को समर्पित हैं।

## हरियाणा में औद्योगिक निवेश से खुल रहे विकास व रोजगार के नए द्वार, आईएमटी बन रहे विकास के नए इंजन

### हजारों एकड़ में औद्योगिक विस्तार, उद्योगों के लिए तैयार हो रहा भविष्य का हरियाणा

ओपन सर्च/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा तेजी से औद्योगिक विकास के नए केंद्र के रूप में उभर रहा है। प्रदेश में निवेश कर रही कंपनियों की बढ़ती दिलचस्पी, औद्योगिक मॉडल टाउनशिप (आईएमटी) का विस्तार और आधुनिक औद्योगिक सुविधाओं का विकास राज्य की अर्थव्यवस्था को नई गति देने के साथ रोजगार के अवसर बढ़ाने की मजबूत संभावनाएं पैदा कर रहे हैं। हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) द्वारा विकसित औद्योगिक क्षेत्र अब केवल उत्पादन केंद्र नहीं, बल्कि उद्योग, व्यापार, लॉजिस्टिक्स और श्रमिक सुविधाओं से युक्त समग्र औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में विकसित किए जा रहे हैं। उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के आयुक्त एवं सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के विशेष प्रयासों से प्रदेश में औद्योगिक निवेश का लगातार विस्तार हो रहा है जो इस बात का संकेत है कि हरियाणा देश और वैश्विक कंपनियों के लिए एक महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य बन रहा है। नए उद्योगों की स्थापना और विदेशी निवेश के लिए मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा से एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने हाल ही में सिंगापुर का दौरा किया है जिससे प्रत्यक्ष रोजगार के साथ-साथ परिवहन, भंडारण, आपूर्ति श्रृंखला, रखरखाव, निर्माण, सुरक्षा, खानपान और अन्य सहायक सेवाओं में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

#### छह प्रमुख आईएमटी में निवेश के लिए अनुकूल माहौल

डॉ. अमित अग्रवाल ने बताया कि हरियाणा में छह प्रमुख आईएमटी विकसित की गई हैं। इनमें आईएमटी मानेसर लगभग 4,000 एकड़, आईएमटी रोहतक लगभग 3,600 एकड़, आईएमटी बावल लगभग 3,300 एकड़, आईएमटी खरखौदा लगभग 3,200 एकड़, आईएमटी फरीदाबाद लगभग 1,800 एकड़ और आईएमटी सोहना लगभग 1,500 एकड़ में फैली है। इन औद्योगिक क्षेत्रों में सरकार द्वारा कंपनियों को उद्योग स्थापित करने के लिए सड़कें, बिजली, पानी, लॉजिस्टिक्स, औद्योगिक प्लॉट और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं जो कंपनियों को संचालन के लिए बेहतर आधार उपलब्ध कराती हैं। नियोजित औद्योगिक क्षेत्रों में निवेशकों को भूमि और बुनियादी सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होने से परियोजनाओं को आगे बढ़ाने में सहूलियत मिलती है।

**ये कंपनियां कर रही बड़ा निवेश, नया आकार ले रहा हरियाणा का विकास**

उन्होंने बताया कि हरियाणा के इन आईएमटी में विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां निवेश कर रही हैं। इन आईएमटी में मारुति सुजुकी 800 एकड़ भूमि पर 18,000 करोड़ रुपये, एटीएल कंपनी 178 एकड़ में 7000 करोड़ रुपये, आदित्य बिरला ग्रुप 70 एकड़ में 1140 करोड़ रुपये, टोयोटा बोशोकु 21 एकड़ में 400 करोड़ रुपये, अमूल 10 एकड़ में 300 करोड़ रुपये से दूध व डेयरी उत्पाद, डेन्सो 37 एकड़ में 570 करोड़ रुपये, फ्लिपकार्ट 140 एकड़ में 1300 करोड़ रुपये, फैवेली ट्रांसपोर्ट 5 एकड़ में 200 करोड़ रुपये, यूफ्लेक्स 14 एकड़ में 300 करोड़ रुपये तथा यूनो-मिंडा 94 एकड़ में 11000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के माध्यम से हरियाणा के विकास को नया आकार दे रही हैं। इन प्रमुख कंपनियों के अलावा यामाहा, एस्कोर्ट्स, व्हर्लपूल, इंडियन ऑयल, एशियन पेंट्स, जेसीबी, होंडा, हार्ले-डेविडसन, सन फार्मा, पैनासोनिक, ड्यूरासेल, बेनेटन, हीरो, गुड-ईयर, डीएलएफ, योकोहामा, गूगल, टाटा, नैस्ले, माइक्रोसॉफ्ट, मोटोरोला, सैमसंग, ओसराम, एयरटेल, सुकैम व भारत इलेक्ट्रोनिक्स सहित अनेक कंपनियां अपनी परियोजनाएं स्थापित कर रही हैं। इससे स्पष्ट होता है कि हरियाणा में निवेश केवल एक उद्योग या क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि ऑटोमोबाइल, उन्नत विनिर्माण, ऊर्जा भंडारण, रेल परिवहन और खाद्य प्रसंस्करण सहित विभिन्न क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियां विकसित हो रही हैं।

**रोजगार सृजन की पूरी श्रृंखला को मिलेगा बढ़ावा**

उन्होंने बताया कि किसी भी औद्योगिक परियोजना का प्रभाव केवल कारखाने में काम करने वाले कर्मचारियों तक सीमित नहीं रहता। उद्योगों के विस्तार से कुशल तकनीकी कर्मचारियों, इंजीनियरों, मशीन ऑपरेटरों, गुणवत्ता नियंत्रण विशेषज्ञों, प्रशासनिक कर्मचारियों और अन्य श्रमिकों की मांग पैदा होती है।

### हरियाणा ने नशा तस्करी पर कसा शिकंजा

## नौ माह में 71 ड्रग कार्टेल चिह्नित, 6,824 आरोपी गिरफ्तार और 19.52 करोड़ रुपए की संपत्तियां अटैच

ओपन सर्च/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार प्रदेश में नशा तस्करी के विरुद्ध कार्रवाई को और प्रभावी बनाने के लिए विशेष साइबर जांच, ड्रग कार्टेल की वित्तीय गतिविधियों की निगरानी, दवाओं एवं रसायनों के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने तथा अभियोजन प्रक्रिया में तेजी लाने पर विशेष जोर दे रही है। इसके तहत वर्ष 2026-29 के लिए तैयार की जा रही मादक पदार्थ नियंत्रण की राष्ट्रीय रूपरेखा के अनुरूप प्रदेश की रणनीति को सुदृढ़ किया जा रहा है। मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आज यहां हुई हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एचएसएनसीबी) की उच्चस्तरीय बैठक में इन पहलों की समीक्षा की गई। गृह विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह द्वारा गत दिनों राज्यों को एक महत्वाकांक्षी लक्ष्य दिया गया है। उनका मानना है कि जिस तरह से देश में आतंकवाद और नक्सलवाद को खत्म किया गया है, उसी तर्ज पर हमें नशे के कारोबार को खत्म करना है। इसके लिए समय-सीमा निर्धारित करके बहुआयामी रणनीति पर काम करना होगा।

एचएसएनसीबी के चेयरमैन संजय कुमार ने बताया कि प्रदेश में अब तक 71 ड्रग कार्टेल की पहचान की गई है तथा उनके नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए कार्रवाई जारी है। डार्कनेट के माध्यम से होने वाली नशा तस्करी और क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े लेन-देन की जांच के लिए एक विशेष प्रकोष्ठ विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में साइबर जांच की विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए एक साइबर विशेषज्ञ को भी जोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि पारंपरिक पुलिस कार्रवाई के साथ-साथ नशीले पदार्थों की तस्करी से अर्जित अवैध धन का पता लगाने, संगठित तस्करी नेटवर्क की पहचान करने तथा पुलिस, अभियोजन और नियामक एजेंसियों के बीच समन्वय मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया गया है।

एडीजीपी ने बताया कि हरियाणा पुलिस ने जनवरी से सितंबर 2026 के दौरान एनडीपीएस एक्ट के तहत 3,809 मामले दर्ज किए और 6,824 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में मामलों में 39.93 प्रतिशत तथा गिरफ्तारियों में 26.53 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। जनवरी से सितंबर 2025 के दौरान 2,722 मामले दर्ज किए गए थे और 5,393 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। वाणिज्यिक मात्रा से संबंधित मामलों की संख्या 346 से बढ़कर 380 हो गई, जबकि मध्यवर्ती मात्रा से जुड़े मामले 1,887 से बढ़कर 2,844 हो गए, जो 50.72 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हैं। नशा तस्करी से जुड़ी संपत्तियों पर कार्रवाई के सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनवरी से सितंबर 2026 के बीच 113 मामलों में 19.52 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की गईं। पिछले वर्ष की इसी अवधि में 49 मामलों में 5.92 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की गई थीं। इस प्रकार अटैच की गई संपत्तियों के मूल्य में 229.72 प्रतिशत और संपत्ति अटैचमेंट से संबंधित मामलों में 130.61 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। प्रदेश ने संपत्तियां अटैच करने के लिए 30 करोड़ रुपये का वार्षिक लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसके मुकाबले अब तक 19.52 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच की जा चुकी हैं।

## हरियाणा में जनगणना-2027 का पहला चरण पूरा, दूसरे की तैयारियां तेज

### प्रदेश में लगभग 70,000 गणना ब्लॉक कवर होंगे, 87 हजार से अधिक कार्मिकों की होगी तैनाती

ओपन सर्च/ब्यूरो

**चंडीगढ़।** हरियाणा ने जनगणना-2027 का पहला चरण पूरी तरह डिजिटल माध्यम से सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इस दौरान 23 जिलों और 11 नगर निगमों में 51,907 मकान सूचीकरण ब्लॉक को सफलतापूर्वक कवर करने के बाद, हरियाणा अब जनसंख्या गणना के दूसरे चरण की तैयारियों में जुट गया है। दूसरे चरण में 23 जिलों के अंतर्गत आने वाले 6,522 गांवों और 88 कस्बों में लगभग 70,000 गणना ब्लॉकों को कवर किया जाएगा। इस कार्य के लिए आरक्षित कार्मिकों सहित लगभग 74,800 प्रगणकों और 12,650 पर्यवेक्षकों की तैनाती प्रस्तावित है। पूरी प्रक्रिया 34 प्रधान जनगणना अधिकारियों की निगरानी में 203 जनगणना चार्ज के माध्यम से संचालित की जाएगी।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा, जो जनगणना-2027 की राज्य नोडल अधिकारी भी हैं, ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि शत-प्रतिशत जनसंख्या कवरेज सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान न तो कोई व्यक्ति छूटने पाए और न ही दोहरी गणना की कोई संभावना रहे। इसके लिए सख्त जवाबदेही तय की जाए और सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय-सीमा में पूरी की जाएं। डॉ. सुमिता मिश्रा ने ये निर्देश आज यहां प्रधान जनगणना अधिकारियों के एक दिवसीय सम्मेलन में दिए। सम्मेलन में जनसंख्या गणना से पहले संचालन संबंधी तैयारियों, डिजिटल माध्यम से आंकड़े एकत्र करने, कार्मिकों की तैनाती, क्षेत्रीय निगरानी तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय पर चर्चा की गई।

वित्तायुक्त एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि जनगणना-2027 राष्ट्र निर्माण, विकास की योजना तैयार करने और प्रभावी शासन व्यवस्था से जुड़ा एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे तैयारियों की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें, चार्ज अधिकारियों के साथ नियमित समीक्षा बैठक करें और जनसंख्या गणना शुरू होने से पहले संभावित संचालन संबंधी कठिनाइयों की पहचान कर उनका समाधान सुनिश्चित करें। सम्मेलन को संबोधित करते हुए वित्तायुक्त राजस्व एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने कहा कि प्रथम चरण की सफलता हरियाणा के अधिकारियों के समर्पण और समन्वित प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि जनगणना के आंकड़ों की गुणवत्ता जिला स्तर पर अधिकारियों की गंभीरता, नेतृत्व और क्षेत्रीय निगरानी पर काफी हद तक निर्भर करती है। उपायुक्तों की भूमिका इस प्रक्रिया की सटीकता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने में निर्णायक होगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अधिकारी जनगणना के कार्य को अतिरिक्त विभागीय जिम्मेदारी के बजाय प्राथमिकता वाला कार्य मानें और तैयारियों की व्यक्तिगत जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों, तेजी से विकसित हो रही आवासीय बस्तियों, शहरी एवं झुग्गी-बस्ती वाले इलाकों तथा प्रवासी आबादी वाले क्षेत्रों पर विशेष ध्यान दिया जाए।

# एशियन गेम्स मेडलिस्ट यशजीत सिवाच और पूर्व कप्तान प्रीतम ठाकरान का पैतृक गांव झाड़सा में भव्य स्वागत

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम (झाड़सा)।** रविवार को गुरुग्राम के ऐतिहासिक गांव झाड़सा में खेल जगत के दिग्गजों के आगमन पर जश्न का माहौल देखने को मिला। 360 सर्व खाप के तत्वावधान में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान एवं अर्जुन अवर्गी प्रीतम ठाकरान और उनके बेटे, भारतीय हॉकी टीम के स्टार खिलाड़ी व एशियन गेम्स के गोल्ड मेडलिस्ट यशजीत सिवाच का उनके पैतृक गांव (मायके) पहुंचने पर जोरदार और भव्य स्वागत किया गया।

**ढोल-नगाड़ों के साथ निकाली गई परिक्रमा, ग्रामीणों में छाई खुशी की लहर**

कार्यक्रम की शुरुआत में मां-बेटे की इस जोड़ी का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। इसके बाद ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ पूरे गांव में उनकी विजय यात्रा की परिक्रमा निकाली गई। गांव की बेटी और पोते की इस बड़ी उपलब्धि से पूरे झाड़सा गांव और ग्रामीणों में खुशी की एक अलग ही लहर दौड़ गई, क्योंकि इसी मिट्टी से प्रीतम ठाकरान ने हॉकी की खेल यात्रा की शुरुआत की थी।

**सोनीपत अकादमी से तैयार हो रही है नई पौध**

वर्तमान में प्रीतम ठाकरान सोनीपत में अपनी हॉकी अकादमी चला रही हैं, जहां से ट्रेनिंग लेकर कई खिलाड़ी भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा बन चुकी हैं और देश के लिए गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं।

**बच्चों को खेलों से जोड़ने का आह्वान:** समारोह में उपस्थित विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए पूर्व कप्तान प्रीतम ठाकरान ने कहा, "मैं लगातार संघर्ष और मेहनत करती आ रही हूं, जिसके चलते मेरी कोचिंग से निकले सैकड़ों खिलाड़ी आज भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।" उन्होंने अभिभावकों से विशेष अनुरोध किया कि वे अपने बच्चों को नशे और अन्य बुराइयों से दूर रखने के लिए खेलों की तरफ प्रेरित करें, ताकि वे कामयाब होकर देश और गांव का नाम दुनियाभर में रोशन कर सकें।

**प्रमुख गणमान्य लोगों की रही उपस्थिति:** इस भव्य स्वागत समारोह में 360 खाप के चौधरी महेंद्र ठाकरान, छतर सिंह ठाकरान, जेजेपी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र ठाकरान, जसवीर ठाकरान, धीरज पहलवान, महावीर ठाकरान, वेद ठाकरान, राजेंद्र गहलोत, पार्षद गगनदीप किलहोड़ सहित गांव झाड़सा और आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में महिलाएं, पुरुष और युवा मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सुरेंद्र ठाकरान ने पहुंचे सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त करते हुए बहन प्रीतम ठाकरान और भानजे यशजीत सिवाच को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि इन्होंने देश को गोल्ड मेडल दिलाकर पूरे देश के साथ-साथ झाड़सा गांव का सिर भी गर्व से ऊंचा कर दिया है।

# ट्रैफिक रूल तोड़ने पर एक सप्ताह में 37657 वाहनों के चालान कर लगाया 4.10 करोड़ रुपए जुर्माना

### -लेन बदलने पर 11,660 चालान, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 1,469 के कटे चालान

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने पांच से 11 अक्तूबर तक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कुल 37,657 चालान किए गए और मैदानी स्तर पर की गई कार्रवाई में 4 करोड़ 10 लाख 94 हजार 600 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कुल चालानों में 21,326 मौके पर और 16,331 कैमरों के माध्यम से किए गए। मैदानी कार्रवाई में बिना हेलमेट वाहन चलाने के 1,472 और पीछे बैठी सवारी के बिना हेलमेट होने के 960 चालान किए गए। गलत दिशा में वाहन चलाने पर 1,469, गलत पार्किंग पर 1,409, लेन बदलने पर 1,215 और शराब पीकर वाहन चलाने पर 403 चालान किए गए। बिना सीट बेल्ट के 391, खतरनाक तरीके से यू-टर्न लेने पर 651 और ओवरस्पीड के 234 चालान भी काटे गए। कैमरों से लेन बदलने के 10,445 और नो-एंट्री में वाहन ले जाने के 3,936 चालान किए गए। ओवरस्पीड के 745 और बिना सीट बेल्ट के 497 चालान भी हुए। यातायात पुलिस एनएच-48, द्वारका एक्सप्रेसवे और मुंबई एक्सप्रेसवे पर निगरानी के लिए कैमरों और ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। वहीं, सुरक्षा रथ के माध्यम से 15 स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें 415 से अधिक नागरिकों और विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस ने वाहन चालकों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल नहीं करने की अपील की है।

## द्वारका एक्सप्रेसवे पर तेज रफ्तार स्कोडा कार पलटी, पूरा परिवार घायल

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर रविवार रात तेज रफ्तार स्कोडा कार धनवापुर गोलचक्कर पर अनियंत्रित होकर पलट गई। कार कई पलटियां खाते हुए गोलचक्कर की ग्रिल तोड़कर अंदर जा घुसी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार में सवार परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें आईं। राहगीरों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जानकारी के अनुसार, एक परिवार स्कोडा कार से गुरुग्राम आया था। रविवार रात करीब सवा 10 बजे परिवार दिल्ली लौट रहा था। द्वारका एक्सप्रेसवे पर धनवापुर गोलचक्कर के पास चालक कार से नियंत्रण खो बैठा। तेज रफ्तार कार पलटकर गोलचक्कर की ग्रिल तोड़ते हुए अंदर जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि आसपास से गुजर रहे वाहन चालक रुक गए और घायलों की मदद के लिए आगे आए। लोगों ने कार में फंसे घायलों को बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने पलटी हुई कार को सीधा किया। वहीं, पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, घायलों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। जांच की जा रही है कि हादसा तेज रफ्तार के कारण हुआ या इसके पीछे कोई अन्य वजह थी। घायलों के बयान और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## एसपीआर पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत, दोस्त घायल

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर थाना क्षेत्र में एसपीआ पर सेक्टर-71 स्थित एम3एम बिल्डिंग के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसे में बाइक चला रहा उसका दोस्त भी घायल हुआ। मृतक की पहचान सुरजीत के रूप में हुई है। वह अपनी पत्नी के साथ गुरुग्राम में किराये पर रहता था। पुलिस ने मृतक की पत्नी जूली की शिकायत पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जूली ने बताया कि उसका पति सुरजीत अपने दोस्त रीतिक के साथ नौ अक्टूबर को मेला देखने के लिए गुरुग्राम गया था। दोनों पल्सर बाइक पर सवार थे। बाइक रीतिक चला रहा था, जबकि सुरजीत पीछे बैठा था। जब वे एसपीआर पर सेक्टर-71 में एम3एम बिल्डिंग के पास पहुंचे, तभी एक अज्ञात वाहन के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों को चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। बाद में सुरजीत को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बादशाहपुर थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 और 106 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस हादसे में शामिल वाहन और उसके चालक की पहचान करने के प्रयास कर रही है।

## ड्यूटी से बाइक से घर लौट रहे दिल्ली पुलिस के सिपाही को ट्रक ने कुचला, मौत

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के गांव ख्वासपुर के पास सर्विस रोड पर दिल्ली पुलिस के सिपाही की बाइक में एक तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मारते हुए बुरी तरह कुचल दिया, जिससे सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने घायल सिपाही को एक प्राइवेट अस्पताल में एडमिट कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी और ट्रक को कब्जे में ले लिया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अमन निवासी बांसलांबी ने फर्रुखनगर थाना पुलिस को शिकायत देते हुए बताया कि उनके ताऊ का लड़का अमित यादव दिल्ली पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात थे। सोमवार सुबह करीब 9.30 बजे वह अपनी ड्यूटी कर बाइक से लौट रहे थे तो सर्विस लेन पर ख्वासपुर के पास तेज रफ्तार ट्रक ने अमित की बाइक में टक्कर मारते हुए उसे बुरी तरह कुचल दिया। आसपास के लोगों ने ट्रक को रुकवा लिया, लेकिन ड्राइवर ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल अमित को सिल्वर स्टीक अस्पताल में एडमिट कराया, जहां उपचार के दौरान अमित (33 वर्ष) की मौत हो गई। अमित ने वर्ष 2016 में दिल्ली पुलिस ज्वाइन की थी। उसकी दो बेटियां हैं। वहीं पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी और ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# पार्क ग्रुप के अस्पताल व कॉर्पोरेट ऑफिस में ईडी की टीमों की छापेमारी जारी

### सुबह से शाम तक चलती रही छापेमारी, अस्पताल के फाउंडेशन डे व अजीत गुप्ता का जन्मदिवस का कार्यक्रम भी रहा फीका

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** ईडी की टीमों ने सोमवार को पार्क ग्रुप के अस्पतालों व कॉर्पोरेट ऑफिस पर सर्च ऑपरेशन चलाया। सुबह से लेकर शाम तक गुरुग्राम के चार ठिकानों समेत हरियाणा के अलावा पंजाब व राजस्थान में भी ईडी की टीमों ने छापेमारी की। यह कार्रवाई आयुष्मान भारत योजना के तहत बिलों में गड़बड़ी के अलावा अन्य अनियमितताओं को लेकर बताई जा रही है। ईडी की टीमों ने अस्पतालों में ओपीडी व वार्डों के अलावा सभी विंग में सर्च ऑपरेशन चलाया। हालांकि सोमवार देर शाम तक ईडी की ओर से इस सर्च ऑपरेशन को लेकर कोई अधिकारिक पुष्टि या बयान जारी नहीं किया। वहीं सोमवार को पार्क के मालिक अजीत गुप्ता का जन्मदिन व फाउंडेशन मनाया जा रहा था, लेकिन ईडी के सर्च ऑपरेशन से यह कार्यक्रम फीका रहा। ईडी की टीमों ने अस्पताल प्रबंधन के भी कुछ अधिकारियों व डॉक्टर्स के भी मोबाइल अपने कब्जे में लिए रखे।

गुरुग्राम में ईडी की टीमों ने सेक्टर-47 स्थित पार्क अस्पताल, पालम विहार स्थित मेट्रो अस्पताल व सेक्टर-37डी के सिग्नेचर अस्पताल के अलावा उद्योग विहार स्थित कॉर्पोरेट ऑफिस में भी छापेमारी देर शाम तक जारी रखी। साउथ सिटी सेक्टर-47 के पार्क अस्पताल में सोमवार को फांउडेशन डे मनाया जा रहा था, लेकिन छापेमारी के कारण कार्यक्रम में खलल रहा और बहुत कम लोगों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान अस्पताल के ओपीडी व वार्डों को छोड़कर अन्य सभी विंग में ईडी के अधिकारी छानबीन करते रहे। हालांकि देर शाम तक भी ईडी की ओर से इस छापेमारी को लेकर कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं की गई। इसके अलावा अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि पंजाब के बठिंडा के अलावा अन्य राज्यों में भी ईडी की छापेमारी की गई है।

# श्रीराम कथा महोत्सव में विकास कुहाड़ ने की शिरकत, दीप प्रज्वलित कर लिया भगवान श्रीराम का आशीर्वाद

**ओपन सर्च/मनदीप कुमार**

**समालखा।** पंजाबी रामलीला ग्राउंड में श्री आदर्श ड्रामाटिक क्लब की ओर से आयोजित 12 दिवसीय श्रीराम कथा महोत्सव के दूसरे दिन नगर परिषद उपाध्यक्ष मनीषा कुहाड़ के प्रतिनिधि विकास कुहाड़ ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विधिवत दीप प्रज्वलित कर कथा कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पंडाल में पूजा-अर्चना कर भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लिया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कथा वाचिका साध्वी प्रवीणा भारती ने भगवान श्रीराम की महिमा का गुणगान करते हुए श्रद्धालुओं को उनके आदर्शों, मर्यादा और जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। उन्होंने विकास कुहाड़ को स्मृति चिह्न भेंट कर आशीर्वाद भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद जयपाल कुहाड़, पार्षद नरेश कौशिक और पार्षद हरिओम वशिष्ठ सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। आयोजन समिति की ओर से मुख्य अतिथि विकास कुहाड़ सहित सभी अतिथियों का पगड़ी पहनाकर, अंगवस्त्र भेंट कर और फूल-मालाओं से स्वागत एवं सम्मान किया गया। धार्मिक आयोजन समाज में संस्कारों को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर विकास कुहाड़ ने कहा कि श्रीराम कथा जैसे धार्मिक आयोजन लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देते हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में संस्कार, सद्भाव, आपसी भाईचारे और धार्मिक चेतना को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

पूर्व पार्षद जयपाल कुहाड़ ने भी धार्मिक आयोजनों के महत्व पर अपने विचार रखे। वहीं, आयोजन समिति के प्रधान ने मुख्य अतिथि सहित कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीराम कथा का लाभ लेने की अपील की।

इस अवसर पर लाल चंद चोपड़ा, नरेश चोपड़ा, कृष्ण बेनीवाल, कुलदीप चंद कपूर, डब्बू शर्मा, बलवंत मल्होत्रा, संजीव खन्ना, अजय बेनीवाल, नितेश मल्होत्रा, मोनू मल्होत्रा, बलदेव चोपड़ा, सचिन कपूर, श्याम लाल मेहरा, ललित मल्होत्रा, नितिन चोपड़ा, दीपक मल्होत्रा, राजेश चोपड़ा, शोरू मल्होत्रा, राजेंद्र चोपड़ा, राजेश कोहली, विक्रम, केसर, कवल कपूर, रिंकू, प्रमोद खन्ना, हिमांशु चौपड़ा, अनिल, अजय बेनीवाल आदि सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति व क्लब के सभी सदस्य मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि श्रीराम कथा महोत्सव 10 से 21 अक्टूबर तक आयोजित किया जा रहा है। कथा वाचन प्रतिदिन शाम 3 बजे से 7 बजे तक होगा।

## बादशाहपुर तहसील में पैन नंबर की गड़बड़ी, क्लेरिकल चूक और सीए की जल्दबाजी आई सामने

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** बादशाहपुर तहसील में रजिस्ट्रियों से जुड़े पैन नंबरों में गड़बड़ी के मामले में एसडीएम संजीव सिंगला ने बताया कि जांच के दौरान रिकॉर्ड में खामी सामने आई है। उनके अनुसार, पहले पोर्टल पर पैन नंबर दर्ज करने का कॉलम नहीं था। बाद में निजी चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) द्वारा रिटर्न भरते समय जल्दबाजी में एक ही पैन नंबर का कई बार इस्तेमाल कर लिया गया। इस प्रक्रिया में क्लेरिकल खामी भी सामने आई है। गौरतलब है कि आयकर विभाग के सर्वे में पिछले दो वर्षों की करीब 25 हजार रजिस्ट्रियों में एक ही पैन नंबर इस्तेमाल किए जाने की बात सामने आई थी। इसके अलावा, संपत्ति लेनदेन की रिपोर्टिंग में भी कई विसंगतियां मिली थीं। मामला सामने आने के बाद आयकर विभाग की सात सदस्यीय टीम बादशाहपुर तहसील के रिकॉर्ड की जांच कर रही है। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि रजिस्ट्रियों से जुड़े वित्तीय लेनदेन की जानकारी आयकर विभाग तक क्यों नहीं पहुंची और पैन नंबरों में गड़बड़ी का दायरा कितना है। इसके लिए रिकॉर्ड का मिलान किया जा रहा है। एसडीएम संजीव सिंगला के अनुसार, शुरुआती जांच में पोर्टल पर पैन नंबर दर्ज करने की व्यवस्था और रिटर्न भरने की प्रक्रिया से जुड़ी खामियां सामने आई हैं। वहीं, आयकर विभाग की जांच जारी है। जांच पूरी होने के बाद ही गड़बड़ी की पूरी तस्वीर और जिम्मेदारी तय हो सकेगी।

# गुरुग्राम में तेज बारिश के बाद सड़कें हुई लबालब, शीतला माता मंदिर में मेले में पहुंचे श्रद्धालु हुए परेशान

### प्रशासन के इंतजामों की खुली पोल, बस स्टैंड से महरौली रोड पर सड़क पर भारी जलभराव

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में सोमवार सुबह तेज हवा के साथ अचानक हुई झमाझम बारिश ने अक्टूबर के महीने में ही ठिठुरन बढ़ा दी। वहीं सुबह 5 बजे से 7 बजे तक हुई बारिश से नौकरीपेशा लोगों व स्कूली बच्चों के लिए परेशानी खड़ी कर दी। इसके अलावा बारिश से हुए जलभराव से माता शीतला मंदिर में लगे नवरात्र मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं को भी भारी जलभराव से दो चार होना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार जिला में 50.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इस बारिश से शहर की सड़कें भी पानी से लबालब नजर आई। वहीं मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिन बादल छाए रहेंगे और मौसम परिवर्तनशील बना रहेगा। मौसम विभाग की ओर से कई दिन पहले बारिश का अलर्ट जारी किया गया था। रविवार शाम से घने बादल छाए हुए थे और सोमवार अलसुबह करीब 5 बजे से ही तेज बारिश होने लगी। सुबह 7 बजे तक हुई बारिश से खासकर ओल्ड गुरुग्राम की सड़कों पर भारी जलभराव हो गया। बस स्टैंड के नजदीक महावीर चौक से लेकर गर्ल्स कॉलेज सेक्टर -14 तक करीब 700 मीटर सड़क पर एक से दो फीट तक पानी भरने से गर्ल्स कॉलेज, आईटीआई, रेडक्रॉस व इंस्टीट्यूट में पढ़ने वाले हजारों स्टूडेंट्स का सड़क से पैदल निकलना मुश्किल रहा। यही नहीं जलभराव की समस्या दोपहर बाद तक जस की तस बनी रही। इसके अलावा शीतला माता मंदिर पर चल रहे नवरात्र मेले में पहुंचे सैंकड़ों श्रद्धालुओं को एक से दो फीट तक पानी से होकर गुजरना पड़ा।

इस दौरान मुंडन कराने के लिए नन्हें बच्चे भी पानी से गुजरते दिखाई दिए। जबकि जिला प्रशासन की ओर से नवरात्र मेले के लिए अनेक व्यवस्थाओं के दावे किए थे, लेकिन बेमौसमी बारिश से सभी व्यवस्था धरी की धरी रह गई। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले चार दिन बादल छाए रहेंगे और कुछ स्थानों पर बूंदाबादी भी हो सकती हैं।

# हरियाणा में वैश्विक स्तर के औद्योगिक ईकाइयों को लाने में जुटे राव नरबीर सिंह

### हरियाणा के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर जुटाने में जुटे राव नरबीर सिंह

**ओपन सर्च/ब्यूरो**

- जापान और सिंगापुर के बाद अब रिपब्लिक ऑफ कोरिया की कंपनियों पर फोकस
- अलग अलग देशों की नामचीन कंपनियों को हरियाणा में लाने की तैयारी

**चंडीगढ़।** कृषि प्रधान हरियाणा वैसे तो गुरुग्राम जैसे साइबर हब के रूप में अपनी एक अलग पहचान रखता है, लेकिन आने वाले दिनों में हरियाणा का हर जिला अलग अलग देशों की नामचीन कंपनियों से सजता नजर आएगा। दरअसल, इन दिनों हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने फोक्स बना लिया है कि हरियाणा का कोई एक जिला नहीं, बल्कि सभी जिलों में उद्योगों को बढ़ावा देना है। उद्योग मंत्री की जिम्मेदारी संभालने के बाद राव नरबीर सिंह का फोकस स्पष्ट तौर पर निवेश को रोजगार से जोड़ने पर है। उनका प्रयास है कि हरियाणा में नए उद्योग आएं, मौजूदा औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार हो और प्रदेश के युवाओं को उनके घर के नजदीक ही रोजगार के अधिक अवसर मिलें। इसी सोच के साथ वे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा को निवेश के नए केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिए लगातार सक्रिय हैं।

**10 नई आईएमटी की सोच, रोजगार के बड़े अवसरों की तैयारी:** राव नरबीर सिंह हरियाणा में 10 नई इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप (IMT) विकसित करने की सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इसके पीछे उद्देश्य केवल औद्योगिक क्षेत्र बढ़ाना नहीं, बल्कि उद्योगों के साथ रोजगार के नए अवसरों का बड़ा आधार तैयार करना है। इसी रणनीति के तहत वे मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी को भी विदेशी दौरों में साथ लेकर जा रहे हैं, ताकि दुनिया के बड़े निवेशकों और औद्योगिक समूहों के सामने हरियाणा की संभावनाओं को सीधे रखा जा सके और प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश लाया जा सके।

**जापान से करीब 3900 करोड़, सिंगापुर से 5500 करोड़ के निवेश की पहल:** निवेश आकर्षित करने के इस अभियान के तहत जापान और सिंगापुर के दौरे किए गए। जापान से करीब 3,900 करोड़ रुपये और सिंगापुर से करीब 5,500 करोड़ रुपये का निवेश जुटाने में सफलता मिली। राव नरबीर सिंह की कोशिश है कि इस निवेश का लाभ केवल पूंजी के रूप में न रहे, बल्कि इसके जरिए हरियाणा में नए औद्योगिक प्रतिष्ठान स्थापित हों और बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा हों। सिंगापुर दौरे के दौरान उन्होंने हरियाणा और पंजाब मूल के उद्योगपतियों से भी संवाद किया तथा उन्हें हरियाणा में निवेश के लिए आमंत्रित किया। उनका जोर इस बात पर रहा कि देश-विदेश में स्थापित हरियाणा मूल के उद्यमी अपने प्रदेश में उद्योग स्थापित करने और रोजगार सृजन में भागीदार बनें।

**अब रिपब्लिक ऑफ कोरिया की ओर नजर:** औद्योगिक विस्तार की इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए अब वे 19 से 22 अक्तूबर तक रिपब्लिक ऑफ कोरिया के दौरे की तैयारी है। दक्षिण कोरिया की औद्योगिक क्षमता और वहां की कंपनियों के साथ संभावित निवेश एवं औद्योगिक सहयोग पर विशेष फोकस रहेगा। राव नरबीर सिंह की रणनीति में एशियाई देशों की कंपनियों को हरियाणा से जोड़ना महत्वपूर्ण हिस्सा है। उनका मानना है कि वैश्विक कंपनियों के लिए हरियाणा में निवेश की संभावनाएं बढ़ाने के साथ-साथ प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते भी खोले जा सकते हैं। राजनीति तौर पर अगर राव नरबीर की बात करे तो नरबीर सिंह उन नेताओं में शामिल हैं, जिनका राजनीतिक सफर अपने आप में अलग पहचान रखता है। चार बार विधायक और चारों बार मंत्री बनने का रिकॉर्ड रखने वाले राव नरबीर सिंह ने अब उद्योग मंत्री के रूप में हरियाणा में औद्योगिक विस्तार और प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा करने को अपनी प्राथमिकता बनाया है।

# ओल्ड पेंशन स्कीम हमारा हक, इसे लागू करने में देरी ना करे सरकार

## नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने बैठक में की मांग

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कराने को लेकर चल रहे आंदोलन की कड़ी में रविवार को नागरिक अस्पताल सेक्टर-10 में पेंशन बहाली संघर्ष समिति की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के पदाधिकारियों ने स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों से इस संघर्ष में बढ़-चढक़र भाग लेने की अपील की। साथ ही सरकार से मांग की कि ओल्ड पेंशन स्कीम को जल्द लागू किया जाए, क्योंकि यह कर्मचारियों के भविष्य का सवाल है। पुरानी पेंशन हर कर्मचारी का हक है और यह हक हर हाल में मिलना चाहिए।

बैठक की अध्यक्षता पेंशन बहाली संघर्ष समिति के गुरुग्राम जिला प्रधान डा. सुशील कटारिया ने की। बैठक में काफी संख्या में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी, नर्सिंग स्टाफ, लैब टेक्नीशियन और अन्य संगठन जुड़े कर्मचारी मौजूद रहे। समिति के जिला अध्यक्ष डा. सुशील कटारिया ने पुरानी पेंशन योजना कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी हैं। सेवानिवृति के बाद एक कर्मचारी की यह भविष्य निधि होती है। इसी से उसका व परिवार का जीवन सुगम तरीके से चलता है। पेंशन बंद होने के बाद कर्मचारियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही हैं। इसलिए ओल्ड पेंशन स्कीम कर्मचारियों के लिए जरूरी है। कर्मचारी अपने नौकरी समय में सरकार और देश के लिए काम करते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन अगर उनकी जरूरतों के अनुसार पर्याप्त नहीं होती है तो बुढ़ापे में उन पर आर्थिक दबाव बढ़ सकता है। रिटायरमेंट के बाद दवाइयों, स्वास्थ्य सेवाओं, आवास और परिवार की जरूरतों का खर्च लगातार बढ़ता है। ऐसे समय में नियमित और भरोसेमंद पेंशन आय का महत्व और अधिक बढ़ जाता है। पेंशन बहाली संघर्ष समिति की ओर से डा. सुशील कटारिया व अन्य साथियों ने अस्पताल स्टाफ को इस संघर्ष में साथ आने का आभार जताया।

सेक्टर-10 नागरिक अस्पताल से एसएनओ पूनम सहराय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग समेत अन्य सभी विभागों में कार्यरत लाखों कर्मचारी दिन-रात अपनी ड्यूटी को पूरी निष्पक्षता और जिम्मेदारी से करते हैं। फिर भी रिटायरमेंट के बाद उनके भविष्य को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि नई पेंशन स्कीम (एनपीएस) में कर्मचारियों को वह सुरक्षा नहीं मिल रही जो पुरानी योजना में मिलती थी। इसलिए ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करना समय की मांग है। पूनम सहराय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग से कर्मचारियों का ओपीएस के आंदोलन का पूर्ण समर्थन है। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक अपने संस्थान में सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के लिए पेंशन केवल एक भुगतान नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का आधार है। इस सुरक्षा चक्र को मजबूत किया जाना चाहिए, ना कि कमजोर।

# राहुल गांधी के नेतृत्व में INDIA गठबंधन ने दिखाई व्यापक एकजुटता

## देशभर के दिग्गज नेताओं ने दिल्ली में बुलंद की आवाज

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में आज INDIA गठबंधन के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नई दिल्ली में सुप्रीम कोर्ट की ओर विशाल विरोध मार्च निकाला। आज के इस विशाल विरोध मार्च में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, कांग्रेस महासचिव श्रीमती प्रियंका गांधी वाड्रा जी, समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी, राष्ट्रीय जनता दल के नेता एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी यादव जी, एनसीपी नेता श्रीमती सुप्रिया सुले जी, शिवसेना (UBT) के वरिष्ठ नेता श्री संजय राउत जी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता डी. राजा जी समेत इंडिया गठबंधन के अनेकों नेता उपस्थित हुए।

विरोध प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी गुरुग्राम ग्रामीण के अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वर्धन यादव के नेतृत्व में गुरुग्राम से बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता दिल्ली पहुंचे। गुरुग्राम कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन में सक्रिय भागीदारी निभाई और लोकतांत्रिक संस्थाओं की निष्पक्षता सुनिश्चित करने की मांग का समर्थन किया।

प्रदर्शन के दौरान INDIA गठबंधन की ओर से तीन प्रमुख मांगें रखी गईं—

1. मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार का तत्काल इस्तीफा।
2. SIR (विशेष गहन पुनरीक्षण) प्रक्रिया को रद्द किया जाए।
3. EVM के स्थान पर बैलेट पेपर से चुनाव कराने की व्यवस्था लागू की जाए।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष वर्धन यादव ने कहा कि "लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का वोट है। चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और प्रत्येक नागरिक के मताधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करना संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है। आज राहुल गांधी जी के नेतृत्व में INDIA गठबंधन ने इन्हीं मांगों को लेकर अपनी आवाज बुलंद की है।"

# कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने में 'शी-बॉक्स' पोर्टल निभा रहा महत्वपूर्ण योगदान

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा लागू कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शी-बॉक्स (यौन उत्पीड़न इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पेटी) पोर्टल एक महत्वपूर्ण डिजिटल माध्यम के रूप में कार्य कर रहा है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित यह पोर्टल महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीड़न से संबंधित

**■ कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायतों के त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निस्तारण के लिए करें 'शी-बॉक्स' पोर्टल का उपयोग**

शिकायतें घर बैठे ऑनलाइन दर्ज कराने तथा उनकी प्रगति की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।

शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए सरल, सुरक्षित और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराता है। शिकायत दर्ज होने के बाद उसे संबंधित संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति अथवा स्थानीय शिकायत समिति को भेजा जाता है, जहां निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जांच कर समयबद्ध निस्तारण किया जाता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति भी ऑनलाइन देख सकती है।

कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अनुसार 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना, उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

# गुरुग्राम में ₹52.56 करोड़ की लागत से बनेंगी दो माडल रोड, विधायक मुकेश शर्मा ने किया शिलान्यास

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सड़क बुनियादी ढांचे को मजबूत करने और आवागमन को सुगम बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विधायक श्री मुकेश शर्मा जी ने आज कम्युनिटी सेंटर, सुखराली गांव में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लगभग ₹52.56 करोड़ की लागत से बनने वाली दो महत्वपूर्ण मॉडल रोड परियोजनाओं का शिलान्यास किया।

इन परियोजनाओं के अंतर्गत ₹27.08 करोड़ की लागत से बसई चौक से ओल्ड रेलवे रोड तक तथा ₹25.48 करोड़ की लागत से ओल्ड रेलवे रोड से इफको चौक तक मॉडल रोड का निर्माण किया जाएगा। इन सड़कों के निर्माण से शहर की सड़क कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने, यातायात व्यवस्था को सुगम करने और नागरिकों को बेहतर आवागमन सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा जी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, RWA प्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों के साथ संवाद किया। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकताओं, स्थानीय नागरिकों के सुझावों और विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए गुरुग्राम के समग्र विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

कार्यक्रम में मेयर श्रीमती राजरानी मल्होत्रा जी, डिप्टी मेयर श्री अनूप सिंह भाम्भू जी, पार्षद श्रीमती उषा वर्मा जी, पार्षद श्री आशीष गुप्ता जी, अर्जुन मंडल अध्यक्ष श्री जितेंद्र वर्मा जी, मनोनीत पार्षद श्री विक्रांत यादव जी एवं श्री कृष्ण स्वामी जी सहित पार्टी पदाधिकारीगण, RWA प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

विधायक मुकेश शर्मा जी ने कहा कि गुरुग्राम में बेहतर सड़क कनेक्टिविटी और गुणवत्तापूर्ण बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी के मार्गदर्शन में शहर के विकास कार्यों को गति देते हुए एक आधुनिक, सुव्यवस्थित और बेहतर गुरुग्राम के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि गुरुग्राम के प्रत्येक क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाए और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलें। 'विकसित गुरुग्राम' के लक्ष्य के साथ शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में ऐसे प्रयास निरंतर जारी रहेंगे।

# रोटरी क्लब ऑफ़ गुड़गांव साउथ सिटी ने नए प्रेसिडेंट ऋषि मुनि भारद्वाज को पदभार सौंपा

## DG रोटेरियन CA अजीत जालान ने 'गरिमा" इंस्टॉलेशन सेरेमनी की अध्यक्षता की

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** रोटरी क्लब ऑफ़ गुड़गांव साउथ सिटी (RID 3011) ने गुरुग्राम के सेक्टर 14 स्थित चौपाल होटल एंड बैंक्वेट में अपना शानदार और उत्साहपूर्ण इंस्टॉलेशन समारोह 'गरिमा' आयोजित किया। इस कार्यक्रम में रोटेरियन ऋषि मुनि भारद्वाज को क्लब के प्रेसिडेंट के रूप में पदभार सौंपा गया। समारोह की अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन CA अजीत जालान ने की, जिनके साथ उनकी पत्नी और डिस्ट्रिक्ट की 'फर्स्ट लेडी' श्रीमती मंजू जालान भी मौजूद थीं।

इस समारोह में गुरुग्राम और रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3011 के कई प्रमुख रोटेरियन और मेहमान शामिल हुए। उपस्थित लोगों में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-इलेक्ट रोटेरियन डॉ. पुष्पा सेठी और डॉ. ए.के. सेठी; डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-नॉमिनी डेजिग्नेट दिनेश जैन; डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी विकास ढिंगरा; PDG राकेश तलवार; मनोज जैन; रोटरी क्लब ऑफ़ गुड़गांव साउथ सिटी की कोर टीम के सदस्य, जिनमें रोटरी ब्लड, थैलेसीमिया और डायलिसिस सेंटर गुरुग्राम के प्रेसिडेंट डॉ. मुकेश शर्मा शामिल थे; पवन सपरा (वाइस प्रेसिडेंट), गजेंद्र गुप्ता (एग्जीक्यूटिव सेक्रेटरी और डायरेक्टर), एडवोकेट अभय जैन (सेक्रेटरी), एडवोकेट जे.एस. मरहट्टा (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट) और संजय मल्होत्रा (इमीडिएट पास्ट प्रेसिडेंट) शामिल थे। अन्य उपस्थित लोगों में रोटेरियन बबीता यादव, सुमन दहिया, वीरेंद्र उप्पल, सतीश सिंगला, सुभाष सिंगला, पीयूष मित्तल, सतवीर सिंह, प्रिंस मंगला, रविंदर जैन, संजीव अग्रवाल, कुलराज कटारिया, अभिनव बंसल, मानव मलवाई, प्रियंबी, देवेंद्र यादव, नवीन गोयल और गगन गोयल शामिल थे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ने कम्युनिटी सर्विस की तारीफ़ की

DG Rtn CA अजीत जालान ने प्रेसिडेंट Rtn ऋषि मुनि भारद्वाज द्वारा सिर्फ़ तीन महीनों में किए गए समाज-सेवा के कामों की बहुत तारीफ़ की। इनमें कई पेड़ लगाने के अभियान, हेल्थ चेक-अप कैंप, पाँच ब्लड डोनेशन कैंप, सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए दो हेलमेट वितरण अभियान और सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए दो स्टेशनरी वितरण अभियान शामिल थे।

# समाधान शिविर में एसडीएम हितेंद्र कुमार ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला एवं उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। सोमवार को आयोजित शिविर में एसडीएम हितेंद्र कुमार ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 5 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही समाधान किया गया।

एसडीएम हितेंद्र कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए एक ही स्थान पर सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इन शिविरों में प्राप्त शिकायतों और उनके समाधान की नियमित समीक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान करना अधिकारियों की जिम्मेदारी है।

सभी विभागीय अधिकारी शिकायतों पर गंभीरता से कार्रवाई करें और निर्धारित समय सीमा में उनका समाधान सुनिश्चित करें, ताकि नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।

शिविर में बिजली, पानी, परिवार पहचान पत्र, बुढ़ापा पेंशन सहित विभिन्न विभागों से जुड़ी शिकायतें रखी गईं। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों में शीघ्र कार्रवाई करने तथा शिकायतकर्ताओं को समाधान की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि जिला एवं उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार और वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित किए जाते हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनते हैं और उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हैं। उन्होंने आमजन से इन शिविरों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर संयुक्त आयुक्त सपना यादव, एसीपी मुकेश कुमार, मेडिकल ऑफिसर प्रियंका, डीएफएसओ संदीप सिंह, डिप्टी डीईओ दीप्ति बोकन, गीता आर्या, एसडीओ सुमन कश्यप, इन्वेस्टिगेटर संजय सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# रामलीला में शिव धनुष तोड़ सिया के हुए श्रीराम, भव्य रूप से हुआ सीता स्वयंवर

**ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज**

**गुरुग्राम।** जैकमपुरा स्थित श्री दुर्गा रामलीला कमेटी की ओर से तीसरे दिन की लीला में सीता स्वयंवर की भव्य लीला दिखाई गई। रामलीला में लीला की शुरुआत ताडक़ा वध के बाद गुरु विश्वामित्र के साथ काफी समय तक राम-लक्ष्मण ने ऋषियों के बीच वनों में ही समय बिताया। गुरु विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को गंगा मईया के दर्शन कराकर उन्हें इसके इतिहास से अवगत कराया। विश्वामित्र के साथ राम-लक्ष्मण घूमते हुए जनकपुरी में राजा जनक के दरबार में पहुंचे। उसी समय राजा जनक ने सीता का स्वयंवर भी रखा हुआ था। इसकी जानकारी गुरु विश्वामित्र को भी दी गई। स्वयंवर में खुद के लिए अच्छा वर पाने की इच्छा लिए सीता अपनी सखियों के साथ बगिया में मां गिरिजा जी की पूजा करने जाती है। पूजा करके जब वह फूल चुन रही होती है तो उसी समय राम-लक्ष्मण भी वहां घूमते हुए पहुंच जाते हैं। राजा जनक के दरबार में स्वयंवर की तैयारियां पूरी हो जाती हैं और शंकर जी के धनुष को लेकर सीता जी दरबार में रख देती हैं। सीता जी के स्वयंवर की शर्त यह थी कि जो भी इस धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वर माला डालेगी। दूर-दराज के

क्षेत्रों से राजा-राजकुमार वहां पहुंचे हुए थे। इसी बीच सिंह गर्जना के साथ रावण राजा जनक के दरबार में प्रवेश करते हैं। स्वयंवर में न बुलाने जाने के कारण खुद को अपमानित समझते हुए रावण धनुष को उठाने का ऐलान करते हैं। उनसे पहले अन्य राजा-राजकुमारों ने धनुष को उठाने का प्रयास किया, लेकिन सफल न हो पाए।

स्वयंवर में न बुलाने जाने के कारण खुद को अपमानित समझते हुए रावण धनुष को उठाने का ऐलान करते हैं। बानासुर रावण को समझाते हुए कहते हैं कि लंकेश ये धनुष तुम्हारे आराध्य भगवान शंकर का है। इसे उठाना तो दूर तुम्हारे लिए छूना भी पाप है। लेकिन रावण उसकी बातो को ना मानते हुए धनुष उठाने को आगे बढ़ता है। खुद के बल पर इतराए रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते हैं तो आकाशवाणी हो जाती है। आकाशवाणी से आवाज आती है कि रावण तेरी लंका में आग लग गई है। रावण कहते हैं उनके पुत्रों को भेज दिया जाए। पुत्रों के वहां न होने की स्थिति में खुद रावण स्वयंवर छोडक़र जाते हैं। साथ ही सीता को धमकी भरे शब्दों में यह भी कह जाते हैं कि सीते, एक दिन तुझे लंका जरूर दिखाऊंगा।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत चुलकाना धाम में समालखा ब्लाक की बैठक, 17 दिसंबर को चंडीगढ़ कूच का आह्वान

**ओपन सर्च/मनदीप कुमार**

**समालखा।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत चुलकाना धाम स्थित सांवरिया सेठ धर्मशाला में समालखा ब्लॉक की बैठक आयोजित की गई। बैठक में गौमाता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिलाने, गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने तथा गौवंश के संरक्षण और सुरक्षा की मांग को लेकर अभियान को गति देने पर चर्चा हुई। इस दौरान हरियाणा राज्य के संत प्रभारी नंद बाबा आचार्य आजाद जी ने गौभक्तों से 17 दिसंबर को चंडीगढ़ पहुंचने का आह्वान किया। बैठक में चुलकाना धाम, किवाणा, हथवाला, डिकाडला, बिहोली, छदिया, नारायणा सहित आसपास के गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता गौरक्षा दल पानीपत के पूर्व प्रधान गुलशन सरोहा ने की। मुख्य वक्ता के रूप में संत राज्य प्रभारी नंद बाबा महंत विकास गिरी महाराज उपस्थित रहे। उनके साथ संभाग प्रभारी प्रवीण छोक्कर, जिला पानीपत प्रभारी देवा, जिला सह प्रभारी सतवीर और जिला मीडिया प्रभारी सोनू शर्मा छदिया सहित अभियान से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे।

**गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने की मांग**

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि गौवंश भारतीय संस्कृति, कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। गौ सम्मान आह्वान अभियान का उद्देश्य देशभर में गोहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने, गौमाता को राष्ट्रमाता का संवैधानिक दर्जा दिलाने तथा गौवंश के संरक्षण, सेवा और सुरक्षा के लिए जनजागरण करना है। संत महंत विकास गिरी महाराज ने गौमाता के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गौ संरक्षण के लिए समाज को एकजुट होकर प्रयास करने चाहिए।

# एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट शिल्पी डबास का जिंदल ग्लोबल सिटी में भव्य स्वागत, नागरिकों ने किया सम्मानित

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

**राई।** सोनीपत स्थित जिंदल ग्लोबल सिटी में सोमवार को एशियन गेम्स में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जीतकर लौटीं खिलाड़ी शिल्पी डबास के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। जिंदल ग्लोबल सिटी के नागरिकों ने अपनी उपलब्धि से क्षेत्र का गौरव बढ़ाने वाली गोल्ड मेडलिस्ट का फूल-मालाओं, शॉल और उपहार भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। शिल्पी डबास जिंदल ग्लोबल सिटी के ई-ब्लॉक की निवासी हैं। समारोह की शुरुआत में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के वरिष्ठ प्रोफेसर महताब सिंह ने मुख्य अतिथियों और उपस्थित नागरिकों का स्वागत किया। उन्होंने शिल्पी डबास के खेल जीवन की उपलब्धियों और उनकी स्वर्णिम यात्रा पर प्रकाश डालते हुए उनकी सफलता को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण बताया। इस अवसर पर जिंदल ग्लोबल सिटी निवासी चौधरी सिंह राम कुहाड़ ने शॉल भेंट कर शिल्पी डबास को सम्मानित किया। मातृशक्ति की ओर से राजकुमारी खत्री ने भी शॉल भेंट कर उनका अभिनंदन किया। राई क्षेत्र के पूर्व म्युनिसिपल काउंसलर एवं जिंदल ग्लोबल सिटी निवासी पुनीत त्यागी ने शिल्पी डबास को सम्मानित करते हुए अपने संबोधन में उन्हें आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। समारोह में रामकरण खत्री और राजकुमारी खत्री ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शिल्पी डबास का उत्साहवर्धन किया। कॉलोनी के अनेक निवासियों ने उन्हें फूल-मालाएं और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में शिल्पी डबास के माता-पिता श्रीमती अनीता डबास और अनिल डबास भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर रामचंद्र मलिक, कर्नल सूरी, रामकिशन खत्री, सुनीता मल्होत्रा, सुधा शर्मा, राजपाल, शांति वर्मा, अशोक शर्मा, डॉ. राधेश्याम, राजबीर खत्री, राजबीर दहिया, जयपाल, राकेश वाजपेई, अरुण गोयल, रामकरण खत्री, देवेंद्र घण्गस, राजीव राणा, परवीन दहिया, मंजीत खत्री, राखी खत्री, डॉ. अनिदेव घण्गस, दीपक ठाकरान, एडवोकेट ऋषभ राणा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. अनिदेव घण्गस ने सभी उपस्थित नागरिकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने शिल्पी डबास को वर्ष 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले ओलंपिक खेलों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में शिल्पी डबास की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल खेल भविष्य की कामना की गई।

# नरेश शर्मा लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति श्रमजीवी पत्रकार संघ पटौदी के अध्यक्ष चुने गए

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

**फर्रूखनगर।** श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा कि जिला पाटोदी इकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा को एक बार फिर से पटौदी इकाई का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। संडे को पटौदी में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक अध्यक्ष डॉ इंदु बंसल जैन, महासचिव नवीन बंसल, झज्जर जिला इकाई के प्रधान ललित गोठवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। अध्यक्ष नरेश शर्मा ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष के लिए बैठक में प्रस्ताव रखा। पटोदी जिला इकाई के संस्थापक पूर्व जिला महासचिव फतह सिंह उजाला ने अध्यक्ष नरेश शर्मा के नेतृत्व में किए गए कार्यों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए एक बार फिर से पटौदी इकाई का अध्यक्ष की प्रस्तावना रखी। जिसका बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंदु बंसल सहित अन्य सभी पत्रकारों के द्वारा सर्व समिति से अनुमोदन कर दिया गया। पाटोदी जिला इकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा का इस मौके पर मौजूद पत्रकारों के द्वारा पगड़ी और फूल माला पहनकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला पाटोदी इकाई के कानूनी सलाहकार एडवोकेट संदीप यादव, एडवोकेट ज्योति, एडवोकेट पवन गौड, एडवोकेट जय किशन, एडवोकेट सुनील दत्त शर्मा, झज्जर के प्रधान ललित गोठवाल, मोहम्मद रफीक खान, शिवचरण, हंसराज यादव, राधे पंडित, वासुदेव, करण सिंह लखेरा, शमशेर सिंह, मीर सिंह , रविन्द्र , पवन देव यादव सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। अध्यक्ष नरेश शर्मा ने एक बार फिर से जिम्मेदारी सौंपे जाने के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ का आभार व्यक्त करते हुए पटौदी कार्यकारिणी के पदाधिकारीयों को अपने-अपने पद पर बने रहने की घोषणा की।

# समाधान शिविर में नगराधीश अप्रितम सिंह ने सुनीं आमजन की समस्याएं

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

**नूंह।** आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सोमवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में नगराधीश अप्रितम सिंह ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और विभिन्न विभागों से संबंधित पांच शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय सीमा में समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगराधीश अप्रितम सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना है। इन शिविरों के माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर नागरिकों की समस्याएं सुनते हैं और मौके पर समाधान संभव होने पर तुरंत कार्रवाई की जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से विचार करते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई की जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शिकायतकर्ताओं को कार्रवाई की स्थिति से भी अवगत कराया जाए, ताकि उन्हें अपनी समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

***शिविर में ये शिकायतें हुईं दर्ज***

समाधान शिविर में नंदूकी निवासी कृष्ण कुमार ने ग्राम पंचायत गोयला के सरपंच के विरुद्ध जांच करवाने की मांग रखी। अमित ने रास्ता नंबर 411 की चौड़ाई पूरी 11 फीट करवाने से संबंधित शिकायत दी। कलवाड़ी निवासी रामकिशन ने बीपीएल कार्ड बनवाने की मांग रखी। ढाढोली कलां निवासी अय्यूब ने अपनी बीमार पत्नी के बैंक खाते में जमा राशि निकलवाने से संबंधित समस्या प्रस्तुत की।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत सुढाका व उमरा गांव में सेवा सेतु कैंप आयोजित

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

**नूंह।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिले के सुढाका (खंड इंडरी) तथा उमरा (खंड नगीना) में सेवा सेतु कैंप आयोजित किए गए। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने शिरकत की। इस दौरान जिला प्रमुख जान मोहम्मद का गांव में पहुंचने पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। कैंपों में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर आमजन को सरकार की योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही पात्र नागरिकों के आवेदन, पंजीकरण तथा शिकायतों के निस्तारण की प्रक्रिया भी की गई।

***सुढाका कैंप में 431 आवेदन प्राप्त, 22 लाभार्थियों को मिला लाभ***

इस दौरान जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि सुढाका (खंड इंडरी) में आयोजित सेवा सेतु कैंप के दौरान विभिन्न विभागों को कुल 431 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 184 आवेदनों को प्रोसेस किया गया तथा 22 पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न विभागों से संबंधित 225 शिकायतों का समाधान किया गया। सिटीजन रिसोर्स इन्फॉर्मेशन विभाग को 212 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 65 को प्रोसेस किया गया तथा 147 शिकायतों का समाधान किया गया। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन को 8 आवेदन प्राप्त हुए और सभी 8 आवेदनों को प्रोसेस किया गया। जिला समाज कल्याण कार्यालय को 97 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 22 पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिया गया तथा 75 शिकायतों का समाधान किया गया। पशुपालन एवं डेयरी विभाग को 94 आवेदन प्राप्त हुए और सभी आवेदनों को प्रोसेस किया गया। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम को 10 आवेदन प्राप्त हुए और सभी 10 आवेदनों को प्रोसेस किया गया। इसके अलावा राजस्व विभाग को एक, यूआईडीएआई को 2, कृषि विभाग को 2, हरियाणा रोडवेज को 3, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग को एक तथा हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग निगम को एक आवेदन प्राप्त हुआ।

***उमरा कैंप में पशुपालन विभाग के 35 आवेदन प्रोसेस***

उमरा (खंड नगीना) में आयोजित सेवा सेतु कैंप के दौरान एमएमएपीयूवाई के तहत पशुपालन एवं डेयरी विभाग को 35 आवेदन प्राप्त हुए और सभी 35 आवेदनों को प्रोसेस किया गया।

***एक ही स्थान पर मिल रही योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा***

जिला परिषद चेयरमैन जान मोहम्मद ने कहा कि सेवा सेतु कैंप सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम हैं।

इन कैंपों के माध्यम से आमजन को विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी, पात्रता संबंधी मार्गदर्शन तथा आवेदन एवं पंजीकरण की सुविधा एक ही स्थान पर मिल रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए पात्र परिवारों को योजनाओं से जोड़ना चाहिए, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर लाभ मिल सके।

# चुलकाना धाम में फिर शुरू हुई श्याम बाबा के दानपात्रों की गिनती, पहले दिन मिले 18.90 लाख रुपये

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

**समालखा।** प्रसिद्ध धार्मिक स्थल चुलकाना धाम स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर में दानपात्रों की गिनती एक बार फिर शुरू हो गई है। सोमवार को ग्राम पंचायत सरपंच सतीश छोककर ने मौके पर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अशोक शर्मा, प्रवीन और समालखा बीडीपीओ कार्यालय के कर्मचारी मंदीप सहित संबंधित कर्मचारी सुबह से ही बैंक कर्मचारियों के साथ मिलकर दानराशि की गिनती में जुटे रहे। पहले दिन कुल 18 लाख 90 हजार रुपये की गिनती हुई, जबकि शेष राशि की गिनती मंगलवार को की जाएगी। बताया गया कि इससे पहले जून से अगस्त तक दानपात्रों की गिनती की प्रक्रिया चली थी। अब दानपात्र दोबारा भर जाने के बाद उनकी गिनती शुरू करवाई गई है। इस बार कुल 25 दानपात्रों की गिनती की जाएगी। इसके अलावा रसीदों के माध्यम से प्राप्त दानराशि का हिसाब भी किया जाएगा। दानपात्रों से नकदी के साथ सोने-चांदी के आभूषण और विदेशी मुद्रा मिलने की भी संभावना जताई जा रही है।

**दो करोड़ रुपये से अधिक की दानराशि मिलने की उम्मीद**

ग्राम पंचायत सरपंच सतीश छोककर ने बताया कि इस बार दानपात्रों से दो करोड़ रुपये से अधिक की राशि मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि दानपात्रों में चढ़ाया गया पैसा श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है, इसलिए इसकी गिनती और हिसाब-किताब में पूरी पारदर्शिता बरती जाएगी। किसी भी प्रकार की गड़बड़ी या त्रुटि नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा अर्पित धनराशि का उपयोग श्री श्याम बाबा मंदिर, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और संबंधित विकास कार्यों के लिए किया जाना चाहिए। सरपंच ने बताया कि पिछली बार एक महीने की गिनती में दानपात्रों से करीब 1 करोड़ 80 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। उस दौरान सोने-चांदी के आभूषण और विदेशी मुद्रा भी मिली थी। उनके अनुसार, ग्राम सचिव प्रवीन सैनी ने बीडीपीओ समालखा के निर्देशानुसार प्राप्त कीमती वस्तुओं और विदेशी मुद्रा को बैंक लॉकर में जमा करवाया था।

**सोने-चांदी के आभूषणों की सूची तैयार करवाने की मांग**

सरपंच सतीश छोककर ने कहा कि मंदिर से संबंधित सोने-चांदी के आभूषणों का पूरा रिकॉर्ड तैयार होना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस संबंध में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर और समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना से मिलकर अनुरोध किया जाएगा कि कमेटी के पास मौजूद आभूषणों की सूची तैयार करवाई जाए और बाबा के गहनों को मंदिर के खजाने में विधिवत जमा करवाने की व्यवस्था की जाए, ताकि उनका रिकॉर्ड और रखरखाव व्यवस्थित ढंग से हो सके।

**श्राइन बोर्ड की कार्यकारिणी बनने से विकास को मिलेगी गति**

उल्लेखनीय है कि चुलकाना धाम स्थित श्री श्याम बाबा मंदिर के लिए श्राइन बोर्ड का गठन हो चुका है और जल्द ही इसकी कार्यकारिणी बनाए जाने की बात कही जा रही है। मंदिर में श्रद्धालुओं की ओर से करोड़ों रुपये का चढ़ावा प्राप्त होता है।

स्थानीय स्तर पर उम्मीद जताई जा रही है कि व्यवस्थित प्रबंधन के माध्यम से मंदिर के रखरखाव, श्रद्धालुओं की सुविधाओं, गांव के विकास और संपर्क मार्गों को बेहतर बनाने जैसे कार्यों को गति मिलेगी। इसके साथ ही श्री श्याम रसोई स्थापित करने की योजना भी बताई गई है, जिससे श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी।

# समालखा के वार्ड-6 में विकास को गति, 8 लाख से बनेगी मास्टर रविदत्त वाली गली : विकास कुहाड़

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

**समालखा।** हल्का समालखा के विधायक मनमोहन भड़ाना के दिशा-निर्देशों पर शहर में विकास कार्यों को गति दी जा रही है। इसी कड़ी में सोमवार को वार्ड नंबर-6 में मास्टर रविदत्त वाली गली के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। करीब 8 लाख रुपये की लागत से होने वाले इस कार्य का उद्घाटन नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विकास कुहाड़ ने पार्षद नरेश कौशिक की मौजूदगी में नारियल तोड़कर किया। इस अवसर पर पार्षद नरेश कौशिक ने कहा कि वार्ड के विकास और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना उनकी प्राथमिकता है। गली का निर्माण होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने के प्रयास किए जा रहे हैं। वहीं, नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि विकास कुहाड़ ने कहा कि विधायक मनमोहन भड़ाना के दिशा-निर्देशों के अनुसार शहर में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जा रहा है। उनका प्रयास है कि वार्डों में बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाया जाए और लोगों की जरूरत के अनुसार विकास कार्य करवाए जाएं। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूरा करवाने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस दौरान हरिओम वशिष्ठ, राणा, मग्न गढ़वाली, रविदत्त शर्मा, नरेश शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नूंह जिले में एसीबी की पुलिस विभाग के खिलाफ लगातार बड़ी कार्रवाई

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद

**नूंह।** नूंह जिले में भ्रष्टाचार के खिलाफ हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (SV&ACB) ने एक और बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। ब्यूरो की गुरुग्राम टीम ने नूंह जिले के थाना आकेड़ा में तैनात सहायक उप निरीक्षक (ASI) अशोक कुमार को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने ACB को दी शिकायत में आरोप लगाया था कि थाना आकेड़ा में तैनात ASI अशोक कुमार ने एक आपराधिक मामले से उसका और उसकी पत्नी का नाम निकलवाने के बदले 20 हजार रुपये की मांग की थी। रिश्वत से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने ACB गुरुग्राम का दरवाजा खटखटाया। शिकायत के आधार पर ब्यूरो ने मामले की जांच कर ट्रैप की योजना बनाई। गुरुग्राम SV&ACB की टीम ने इंस्पेक्टर संत राम के नेतृत्व में सोमवार को जाल बिछाया और आरोपी ASI को कथित तौर पर 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। ट्रैप की पूरी कार्रवाई भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) 2023 की धारा 105 के तहत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए और स्वतंत्र गवाह की मौजूदगी में की गई।

***भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज***

ACB ने इस मामले में गुरुग्राम स्थित अपने थाने में आरोपी ASI के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की धारा 7, 7A और 13(1)(B) सहपठित धारा 13(2) के तहत मामला दर्ज किया है। ब्यूरो के अनुसार मामले में आगे की जांच जारी है और रिश्वत मांगने के आरोपों सहित पूरे घटनाक्रम की गहनता से पड़ताल की जाएगी। हालांकि आरोपों की अंतिम पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया और जांच के बाद ही होगी। इस कार्रवाई से एक बार फिर नूंह जिले में पुलिस विभाग में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं।

# पत्रकारों को मिलने वाली सहायता राशि 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपए करना मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का सराहनीय कार्य : डॉ इंदु बंसल जैन

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा

**चंडीगढ़।** श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा द्वारा पटौदी विधायक बिमला चौधरी के स्थानीय कार्यालय में पत्रकारों के लिए विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पटौदी,गुरुग्राम के पत्रकारों को 5 लाख रुपये की नि:शुल्क बीमा पॉलिसी, प्रेस पहचान पत्र एवं वाहन पास वितरित किए गए। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. इंदु बंसल जैन ने की, जबकि पटौदी विधायक बिमला चौधरी के प्रतिनिधि मास्टर रामनिवास विशेष रूप से उपस्थित रहे। समारोह में पहुंचने पर श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की पटौदी जिला इकाई द्वारा प्रदेश अध्यक्ष डॉ इंदु बंसल जैन व सभी अतिथियों का फूल मालाओं , बुक्के,अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर जोरदार स्वागत किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य पत्रकारों को आर्थिक व शारीरिक सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उनकी पेशेवर पहचान को मजबूत करना रहा। पटौदी पॉलिसी वितरण समारोह के संयोजक जिला इकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा व आयोजक पटौदी जिला इकाई रही। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक व प्रदेश अध्यक्ष प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इंदु बंसल जैन ने हाल ही में मुख्यमंत्री हरियाणा नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा आपात स्थिति में पत्रकारों को दी जाने वाली सहायता राशि 2.5 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपयें किये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए मांग की है कि एक्रीडेड पत्रकारों की तरह हरियाणा प्रदेश के प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व डिजिटल मीडिया के नॉन एक्रीडेड पत्रकारों को भी सभी सरकारी सुविधाएं व मान्यता प्रदान की जाए। डॉ बंसल ने कहा श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा द्वारा भविष्य में भी पत्रकारों के हितों की लड़ाई जारी रखने के साथ - साथ कल्याण की योजनाएं बनाता रहेगा। इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा के प्रदेश महासचिव नवीन बंसल , पटौदी जिला इकाई अध्यक्ष नरेश शर्मा,झज्जर जिला इकाई अध्यक्ष ललित गोठवाल,सहित श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की पटौदी जिला इकाई के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों सहित सैकड़ों पत्रकार व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

# दिव्य गीता सत्संग में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के सान्निध्य से भक्तिमय हुआ माहौल, उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, विधायक भगवानदास कबीरपंथी व विधायक सतपाल जांबा ने लिया महाराज जी का आशीर्वाद

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

**करनाल।** विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, विधायक भगवानदास कबीरपंथी व विधायक सतपाल जांबा ने दिव्य गीता सत्संग में स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया। अस्पताल ऐरिया नीलोखेड़ी में आयोजित दिव्य गीता सत्संग में श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिकता का संगम देखने को मिला। परम पूज्य गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित सत्संग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और गणमान्य लोगों ने पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का आयोजन भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुमित ऐबला की ओर से किया गया। इस दौरान स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का भव्य स्वागत किया गया तथा उपस्थित जनप्रतिनिधियों और गणमान्य लोगों ने महाराज जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी और पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा सहित अनेक गणमान्य लोगों ने शिरकत की। सत्संग स्थल पर भक्तिमय वातावरण रहा और श्रद्धालुओं ने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के आध्यात्मिक सान्निध्य में गीता के संदेशों को आत्मसात किया। कार्यक्रम के दौरान रात्रि आठ बजे विशाल भंडारे का भी आयोजन रखा गया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण ने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित दिव्य गीता सत्संग की सराहना करते हुए कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक परंपरा का अमूल्य ग्रंथ है। गीता का संदेश मनुष्य को कर्तव्य, कर्म, संयम और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि संत-महात्माओं के सान्निध्य में होने वाले सत्संग समाज को आध्यात्मिक दिशा देने के साथ-साथ आपसी प्रेम, भाईचारे और सेवा की भावना को भी मजबूत करते हैं। धार्मिक आयोजन हमारी सांस्कृतिक विरासत को सहेजने और आने वाली पीढ़ियों तक संस्कार पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का आशीर्वाद मिलना श्रद्धालुओं के लिए सौभाग्य की बात है। पुंडरी के विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि श्रीमद्भगवद्गीता केवल धार्मिक ग्रंथ ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक भी है। गीता की शिक्षाएं मनुष्य को कर्म के प्रति समर्पित रहने, अहंकार से दूर रहने और समाज के प्रति अपने दायित्व निभाने का संदेश देती हैं। कार्यक्रम के आयोजक भाजपा नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता सुमित ऐबला ने स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज का हृदय की गहराइयों से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाराज जी ने अपने पावन दर्शन, शुभ आशीर्वाद और दिव्य सान्निध्य से सभी को कृतार्थ किया है। सुमित ऐबला ने कार्यक्रम में पहुंचे हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण, विधायक भगवानदास कबीरपंथी, विधायक सतपाल जांबा तथा अन्य सभी गणमान्य लोगों और श्रद्धालुओं का भी आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीकृष्ण आप सभी पर अपनी कृपा सदैव बनाए रखें और समाज में धर्म, सेवा एवं सद्भाव की भावना निरंतर बढ़ती रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन लोगों को आध्यात्मिक रूप से जोड़ने के साथ-साथ सामाजिक एकता और भाईचारे को भी मजबूत करते हैं। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन शिवनाथ कपूर, शमशेर सिंह, मार्केट कमेटी चेयरमैन रणदीप चौधरी, वाइस चेयरमैन राजीव नारंग, जयभगवान सीकरी, बलकार सैनी, नवीन कपूर सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# सनौली खुर्द में सेवा सेतु शिविर, 62 नागरिकों ने कराया पंजीकरण; शिकायतों के समाधान के लिए अधिकारियों ने दिए निर्देश

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

**पानीपत।** सेवा सेतु संकल्प अभियान के तहत रविवार को बीडीपीओ कार्यालय सनौली खुर्द में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। बीडीपीओ शक्ति सिंह की देखरेख में आयोजित शिविर में 62 नागरिकों ने पंजीकरण कराया और अपनी समस्याएं संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए उनके समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। शिविर में बीडीपीओ शक्ति सिंह, बिजली विभाग के एसडीओ कृष्ण कुमार, जेई मोहनलाल, जिला पार्षद प्रतिनिधि विपिन पांचाल, सनौली खुर्द के सरपंच संजय त्यागी, आयुष विभाग से डॉ. वीएन राय, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता संगीता त्यागी व कमलेश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इसके अलावा भाजपा मंडल अध्यक्ष जगबीर आर्य तथा खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय से गुलशन कुमार, अशोक कुमार और चरणजीत भी उपस्थित रहे।

### सरकारी योजनाओं और सेवाओं की दी जानकारी

शिविर में विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए, जहां ग्रामीणों को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, पात्रता की शर्तों, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। अधिकारियों और कर्मचारियों ने लोगों को संबंधित सेवाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया भी समझाई। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं और सरकारी योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त की। हालांकि, ग्रामीणों को शिविर की पर्याप्त जानकारी नहीं मिल पाने के कारण अपेक्षाकृत कम संख्या में लोग पहुंचे।

### राणा माजरा और छाजपुर खुर्द में भी लगेंगे शिविर

सेवा सेतु संकल्प अभियान के तहत आगामी शिविर 12 अक्टूबर को गांव राणा माजरा और 13 अक्टूबर को गांव छाजपुर खुर्द में आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को विभिन्न विभागों की सेवाओं और सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा।

# महिला आईटीआई में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, छात्राओं को दिलाया नशे से दूर रहने का संदेश

ओपन सर्च/ मनदीप कुमार

**समालखा।** सेवा संकल्प अभियान के तहत सोमवार, 12 अक्टूबर को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला आईटीआई) में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा पानीपत के जिला मंत्री नरेश बैनीवाल पहुंचे। उन्होंने छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशीले पदार्थों से दूर रहने और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया। नरेश बैनीवाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और सामाजिक प्रतिष्ठा पर नकारात्मक प्रभाव डालता है। नशीले पदार्थों के सेवन से कैंसर, हृदय रोग, फेफड़ों और लिवर से संबंधित गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार तथा आसपास के लोगों को भी इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करें। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता शकुंतला वर्मा ने भी छात्राओं को संबोधित करते हुए नशे के प्रति सतर्क रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर नशामुक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। संस्थान के उपप्रधानाचार्य राहुल ने टीबी (क्षय रोग) के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को शारीरिक परेशानियों के साथ मानसिक और सामाजिक चुनौतियों का भी सामना करना पड़ सकता है। कई बार सही जानकारी के अभाव में लोग टीबी मरीजों से दूरी बनाने लगते हैं, जिससे उनमें अकेलेपन और भेदभाव की भावना पैदा होती है। उन्होंने कहा कि टीबी मरीजों के साथ प्रेम, सम्मान और सहानुभूति से व्यवहार करना चाहिए। उनके समय पर दवा लेने, पौष्टिक भोजन करने और नियमित उपचार जारी रखने में परिवार के सदस्यों का सहयोग बेहद जरूरी है। कार्यक्रम के अंत में कंप्यूटर निदेशक नरेश कुमार ने सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों का धन्यवाद किया। इस मौके पर शकुंतला वर्मा, श्रीमती नीलम मलिक, निशा शर्मा, आशा, ऋतु, प्रीति, भूपेंद्र सिंह और जितेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# स्किलटेक एक्सपो एवं नवरात्रि मेले में पहुंचीं महापौर, स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय प्रतिभाओं को बढ़ावा देने पर जोर

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

**करनाल।** करनाल में आयोजित तीसरे स्किलटेक इंडस्ट्रियल एक्सपो एवं नवरात्रि मेले में सोमवार को महापौर रेणु बाला गुप्ता ने सहभागिता की। मेले में धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सांस्कृतिक परंपराओं और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच देने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन भारतीय संस्कृति और सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ स्थानीय प्रतिभाओं एवं उद्यमियों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देना और स्थानीय प्रतिभाओं को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने के लिए मंच उपलब्ध कराना समय की आवश्यकता है। महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी जुड़ाव मजबूत होता है। वहीं, जब ऐसे आयोजनों में स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय उद्यमिता को भी स्थान मिलता है, तो लोगों को स्थानीय स्तर पर उपलब्ध उत्पादों एवं प्रतिभाओं को जानने का अवसर मिलता है। इस तरह के प्रयास सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ उद्यमियों का उत्साह बढ़ाने में भी सहायक होते हैं। तीसरे स्किलटेक इंडस्ट्रियल एक्सपो एवं नवरात्रि मेले में मां दुर्गा की आराधना के साथ भारतीय संस्कृति, स्वदेशी उत्पादों और स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने पर विशेष जोर रहा। कार्यक्रम में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य कपिल अत्रेजा, बॉबी धींगड़ा सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए फॉर बिन का प्रयोग करें : अजीत कुमार

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

**तरावड़ी।** सेवा संकल्प अभियान के तहत शहर तरावड़ी में सचिव अजीत कुमार नगर पालिका तरावड़ी के नेतृत्व में शहर को कचरा मुक्त बनाने के लिए फॉर बीन कैंपेन का आगाज़ हो चुका है । इस कैंपेन के अंतर्गत लोगों को समझाया जा रहा है कि वे अपने घर या दुकान के कचरे को अलग-अलग करके चार प्रकार की डस्टबिनों में डालें ताकि तरावड़ी शहर को कचरा मुक्त बनाया जा सके । इस मुहिम में नगर पालिका की स्वच्छता टीम शहर में विभिन्न जगहों पर जाकर लोगों को एकत्रित करके समझा रही है कि वे अपने शहर को साफ सुथरा और स्वच्छ बनाने के लिए इस प्रकार के कार्यों को प्राथमिकता दें । सचिव नगर पालिका तरावड़ी अजीत कुमार ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि यदि शहर को कचरा मुक्त और बीमारी मुक्त बनाना है तो वह हमारे इस फॉर बीन कैंपेन का हिस्सा बने और अपने घरों से निकलने वाले कचरे को व्यवस्थित तरीके से अलग-अलग करके डस्टबिनों में डालें ।

# जेएनयू छात्राओं से जुड़े मामले पर ज़ोरदार प्रदर्शन, महापौर रेणु बाला गुप्ता ने उठाई जवाबदेही की मांग

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

**करनाल।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) की छात्राओं से जुड़े कथित यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर सोमवार को दिल्ली में भाजपा महिला मोर्चा ने कांग्रेस मुख्यालय तक जोरदार प्रदर्शन किया। इसके अंतर्गत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के नेतृत्व में करनाल की महापौर रेणु बाला गुप्ता ने भी सक्रिय भागीदारी की। प्रदर्शन में शामिल महिला नेत्रियों और कार्यकर्ताओं ने संबंधित मामले में निष्पक्ष जांच, नियमानुसार कार्रवाई और कांग्रेस नेतृत्व से जवाबदेही तय करने की मांग उठाई। प्रदर्शनकारियों ने नारेबाजी करते हुए कांग्रेस नेतृत्व से मामले पर अपना रुख स्पष्ट करने को कहा। साथ ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी से भी इस प्रकरण पर जवाब देने की मांग की। प्रदर्शन का मुख्य मुद्दा महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और न्याय से जुड़े मामलों में राजनीतिक दलों की जवाबदेही रहा। प्रदर्शन के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि महिलाओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े गंभीर मामलों में निष्पक्ष जांच तथा कानून के अनुरूप कार्रवाई सर्वोपरि होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में राजनीतिक दलों का रुख स्पष्ट होना चाहिए और महिलाओं को न्याय दिलाने के सवाल पर किसी प्रकार का दोहरा मापदंड नहीं अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं की भागीदारी और सशक्तीकरण के लिए किए जा रहे प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता व्यवहार में भी दिखाई देनी चाहिए। उन्होंने संबंधित प्रकरण में निष्पक्ष जांच और तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की मांग की। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और न्याय के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। प्रदर्शन में शामिल महिला कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस मुख्यालय तक मार्च कर संबंधित मामले में जवाबदेही की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने जोर देकर कहा कि कि महिलाओं से जुड़े गंभीर आरोपों पर राजनीतिक नेतृत्व को स्पष्ट रुख अपनाना चाहिए।

साथ ही पूरे प्रकरण की जांच और कानूनी प्रक्रिया के अनुरूप कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। इस अवसर पर राज्यसभा सदस्य संजय भाटिया, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष ऋचा पाहवा, प्रदेश सचिव लतिका शर्मा कालड़ा और पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी सहित अनेक पदाधिकारी एवं महिला कार्यकर्ता उपस्थित रहीं। प्रदर्शन के माध्यम से भाजपा महिला मोर्चा ने महिलाओं की सुरक्षा और न्याय के मुद्दे को उठाते हुए संबंधित मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की मांग दोहराई।

# महापौर के नेतृत्व में महिलाओं का दिल्ली कूच, भरी संघर्ष की हुंकार

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

**करनाल।** भाजपा महिला मोर्चा के 'नारी शक्ति हुंकार मार्च' में भाग लेने के लिए सोमवार को महापौर रेणु बाला गुप्ता के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं दिल्ली के लिए रवाना हुईं। भाजपा कार्यालय 'कर्ण कमल' से रवाना हुए महिलाओं के जत्थे में कार्यक्रम को लेकर उत्साह नजर आया। इस दौरान महिलाओं ने नारे लगाकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित की और संगठन के प्रति समर्पण तथा राष्ट्रसेवा के संकल्प को दोहराया। रवानगी के दौरान महापौर रेणु बाला गुप्ता ने महिलाओं की भागीदारी को नारी शक्ति की एकजुटता का प्रतीक बताते हुए कहा कि महिलाओं ने संघर्ष और परिश्रम के बल पर समाज में अपनी अलग पहचान बनाई है। महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को अधिकारों, सम्मान और निर्णय लेने की प्रक्रिया में समान अवसर देना है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की आवाज को मजबूती से उठाना और उन्हें सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना आवश्यक है। महापौर ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि महिलाओं के अधिकारों और सशक्तिकरण जैसे विषयों पर राजनीति करने के बजाय ठोस सोच और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने में सक्षम है। महिलाओं की भागीदारी को कमतर आंकने वाली सोच का एकजुट होकर जवाब दिया जाना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से संगठनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका मजबूत करने का आह्वान किया। उनके नेतृत्व में दिल्ली रवाना हुई महिलाओं ने 'नारी शक्ति हुंकार मार्च' में सक्रिय सहभागिता का संकल्प दोहराया। नज़र आई सांगठनिक एकजुटता इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर और पूर्व चेयरपर्सन निर्मल बैरागी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक एकजुटता और महिलाओं की भागीदारी प्रमुख रूप से देखने को मिली। भाजपा कार्यकर्ताओं ने संगठन सर्वोपरि, राष्ट्र प्रथम और जनसेवा के संकल्प के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

# पुलिस की रोक-टोक और तानाशाही से कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हौसला नहीं टूटेगा, दिल्ली पहुंचकर बुलंद करेंगे जनता की आवाज़ : पराग गाबा

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

**करनाल।** राहुल गांधी जी के आह्वान तथा कांग्रेस के शीर्ष नेताओं चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी और दीपेंद्र सिंह हुड्डा जी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह जी और प्रदेश प्रभारी संजय दत्त जी के आह्वान पर उठी आवाज़ को बुलंद करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी (शहरी), करनाल के जिलाध्यक्ष पराग गाबा के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की ओर कूच किया। इस दौरान पुलिस द्वारा जगह-जगह रोकने, वाहनों की जांच करने, नंबर प्लेट और कार्यकर्ताओं के नाम नोट करने जैसी कार्रवाई का सामना करना पड़ा, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हौसला कमजोर नहीं हुआ। पराग गाबा ने कहा कि "सरकार चाहे जितनी भी तानाशाही कर ले, पुलिस के जरिए रास्ते में कितनी भी रुकावटें खड़ी कर ले, कांग्रेस कार्यकर्ता पीछे हटने वाले नहीं हैं। हम राहुल गांधी जी और अपने शीर्ष नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हमारा संकल्प है कि दिल्ली पहुंचकर जनता की आवाज़ बुलंद करेंगे और लोकतंत्र की रक्षा के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे।" उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यालय से निकलते ही रास्ते में वाहनों को रोककर उनकी जांच की गई और गाड़ियों के नंबर व कार्यकर्ताओं के नाम नोट किए गए। इसके बाद घरौंडा टोल प्लाजा पर भी गाड़ियों की जांच की गई, नंबर प्लेट चेक की गईं और अन्य जानकारियां नोट की गईं। जगह-जगह रोकने और बार-बार चेकिंग के कारण कार्यकर्ताओं का काफी समय बर्बाद हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन को कमजोर करना और कार्यकर्ताओं को दिल्ली पहुंचने से रोकना है। पराग गाबा ने कहा कि लोकतंत्र में विरोध करना और सरकार की नीतियों के खिलाफ आवाज़ उठाना हर नागरिक का अधिकार है। उन्होंने दिल्ली में कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लोकतांत्रिक प्रदर्शनों के दौरान लगाए गए बैरिकेड्स तथा प्रदर्शन में पैदा की गई बाधाओं का जिक्र करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वालों को रोकना किसी भी तरह उचित नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि अदालत के आदेशों और बैरिकेड्स से जुड़े निर्देशों के बावजूद प्रदर्शनकारियों को परेशान किया गया। अब जब इस मामले में अदालत की अवमानना को लेकर दिल्ली पुलिस और सरकार से जवाब मांगा गया है, तो बैरिकेड्स हटाने की कार्रवाई की जा रही है, लेकिन विरोध की आवाज़ दबाने की मानसिकता अब भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का संघर्ष किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि जनता के अधिकारों, लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की रक्षा के लिए है। कांग्रेस की मांग है कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद से इस्तीफा दें और चुनावी प्रक्रिया को लेकर उठ रहे सवालों का जवाब दिया जाए। पराग गाबा ने कहा, "रास्ते रोकने से आवाज़ें नहीं रुकतीं, बैरिकेड्स लगाने से इरादे नहीं बदलते और डराने-धमकाने से कांग्रेस का संघर्ष कमजोर नहीं पड़ता। लोकतंत्र में जनता की आवाज़ ही सबसे बड़ी ताकत है और कांग्रेस इस ताकत को कभी झुकने नहीं देगी। हम राहुल गांधी जी और अपने शीर्ष नेतृत्व के साथ कंधे से कंधा मिलाकर जनता के अधिकारों, निष्पक्ष चुनाव और संविधान की रक्षा की लड़ाई लड़ते रहेंगे। सरकार को यह समझ लेना चाहिए कि सत्ता के बल पर जनता के सवालों को दबाया नहीं जा सकता। जब तक लोकतंत्र और जनता के अधिकारों पर चोट होती रहेगी, कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा। न हम डरेंगे, न झुकेंगे और न ही जनता की आवाज़ दबने देंगे।

# आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान में प्रत्येक बच्चे को निपुण बनाना ही मुख्य उद्देश्य : बीईओ गुरनाम सिंह मंढाण

ओपन सर्च/ प्रदीप मैहता

**करनाल।** पी एम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री में खण्ड शिक्षा अधिकारी गुरनाम सिंह मंढाण के मार्गदर्शन में शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण योजना निपुण हरियाणा मिशन कार्यक्रम के तहत आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान में वालवाटिका से कक्षा 5 तक के बच्चों की आधारभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान को मजबूत करने के लिए यह प्रशिक्षण अयोजित किया जा रहा है। बी ई ओ गुरनाम सिंह मंढाण ने दीप प्रज्ज्वलित करके शुभारम् किया।अध्यापकों को और कहा कि "निपुण भारत मिशन का लक्ष्य 2026-27 तक प्राथमिक कक्षाओं के हर बच्चे को पढ़ने-लिखने और गणित में निपुण बनाना है। खण्ड निपुण समन्वयक ब्लॉक एफ एल एन कॉर्डिनेटर धर्मेंद्र ने बताया कि प्रशिक्षण के 6 दिन प्रत्येक सत्र में प्रशिक्षण निदेशालय के दिशा निर्देशों अनुसार अलग अलग रहेगा। एफ एल एन प्रशिक्षण का प्रथम दिन का प्रशिक्षण बालवाटिका के बच्चों पर रहा।पहले दिन शिक्षकों को वालवाटिका किट, खेल और गतिविधि आधारित शिक्षण, की बारीकियां सिखाई। प्रशिक्षण की मीडिया समन्वयक की भूमिका दलीप सिंह ने और प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर के रूप में धर्मेंद्र चौधरी, शैलजा, कविता, नीतू, निशा, मोनिका, तुषार राणा, बलजीत, डॉ मोनिका, सीमा, सुमन, मंजीत सिंह, विनोद, करण, अनुपमा, सविता, रविंदर, बारूराम , नसीब, राजीव, प्रीति, सुखदेव आदि ने भूमिका निभाई।

## म्हारी छोरियां खेलों में नही तनिक भी छोरों से कम : उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लाक के आदर्श गांव सिलानी में रहने वाले जिलापरिषद के उपचेयरमैन ओमप्रकाश तंवर ने यहां पर खंड के गांव मंडावर स्थित शांतिग्राम विद्या निकेतन स्कूल में कक्षा पांचवीं की छात्रा आकृति पुत्री योगेश कुमार निवासी गांव हरचंदपुर के जिला स्तरीय अंडर-11 खेल प्रतियोगिता में ऊँची कूद (हाई जंप) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन करने पर बधाई दी है। उन्होने बताया कि खुशी की बात यह है कि इस शानदार उपलब्धि के साथ आकृति ने हरियाणा राज्य स्तरीय अंडर-11 खेल प्रतियोगिता में गुरुग्राम जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए क्वालीफाई किया है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने आकृति को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

## कांग्रेस कार्यकर्ता बजा रहे अपनी-अपनी ढपली-अपना-अपना राग : भाजपा नेता पंकज सिंगला

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और स्थानीय नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने कांग्रेस-इंडिया गठबंधन को भानुमति का कुनबा बताते हुए कांग्रेसियों की आपस में हो रही जूतमपैजार पर व्यंग्य भरी चुटकी लेते हुए कहा कि वोट चोरी का विरोध कर रहे राहुल-प्रियंका की गिरफ्तारी के विरोध में फरीदाबाद में विरोधप्रदर्शन के दौरान एक वरिष्ठ महिला कांग्रेस नेता ने दूसरी महिला कांग्रेस नेता और दूसरे नेता की जमकर पिटाई कर दिखा दिया कि कांग्रेस में जूतों में दाल बंट रही है तो अब उत्तरप्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष बनाई गई आराधना मिश्रा के पदभार ग्रहण से ठीक पहले कांग्रेस के राज्य मुख्यालय में उत्तरप्रदेश कांग्रेस के निवर्तमान अध्यक्ष अजय राय पर महिला कांग्रेस में मध्य जोन की निवर्तमान अध्यक्ष ममता चौहान और उसके समर्थकों की गई टिप्पणी के बाद उनके समर्थकों और दूसरे पक्ष के बीच जमकर हुई हाथापाई और जूतमपैजार ने साफ कर दिया है कि कांग्रेस आज सत्ता में ना होने के बावजूद भी गुटबाजी में फसी हुई है और कांग्रेस कार्यकर्ता अपने-अपने नेताओं के समर्थन में अपनी-अपनी ढपली-अपना-अपना राग अलाप रहे है।

## बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट पर 2.40 करोड़ से बनेगी चारदीवारी : भाजपा नेत्री भारती हरसाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती हरसाना व भाजपा नेता मनीष हरसाना ने सोमवार को कई गांवों का दौरा कर ग्रामीणों की समस्याएं जानी। इस मौके पर विभिन्न गांवों में ग्रामीणों के बीच बोलते हुए उन्होने बताया कि गांव बंधवाड़ी स्थित कचरा निस्तारण प्लांट साइट से निकलने वाले दूषित व जहरीले लीचेट के फैलाव को रोकने के लिए जल्द ही इसके चारों तरफ चारदीवारी बनाने के लिए निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होने बताया कि चारदीवारी और प्री कास्ट फेसिंग वाले इस कार्य पर 2.40 करोड़ रुपए की लागत आएगी। जिसके लिए टेंडर जारी हो गया है और टेंडर लेने वाली एजेंसी को 3 महीने के भीतर बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट पर चारदीवारी बनाने का वक्त दिया गया है। भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती हरसाना व भाजपा नेता मनीष हरसाना ने बताया कि करीब 30 एकड़ भूमि में फैले बंधवाड़ी कचरा निस्तारण प्लांट पर मौजूदा वक्त में लगभग 16 लाख मीट्रिक टन कूड़ा जमा है और यहां से निकलने वाले लीचेट को टैंकरों में भरकर गांव बहरामपुर स्थित एसटीपी में पहुंचाया जा रहा है।

## सरकारी स्कूल का नामकरण शहीद समय सिंह के नाम पर होना शहीदों का सम्मान : भाजपा नेता योगेश तंवर

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा अनुसूचित मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष तथा सीएम विंडो एमिनेट पर्सन योगेश तंवर व जिलापार्षद कैलाशवती तंवर ने गांव कुर्थला में अग्निवीर अमर शहीद समय सिंह की स्मृति में केन्द्रीयमंत्री राव इंद्रजीत सिंह के हाथों शहीद की प्रतिमा का अनावरण कर गांव में सरकारी स्कूल का नाम शहीद समय सिंह के नाम पर रखे जाने और गांव के प्रवेश द्वार का निर्माण शहीद छतरपाल सिंह के नाम पर किए जाने तथा गांव में सामुदायिक केन्द्र निर्माण के लिए सांसद निधि से 21 लाख रुपए का अनुदान दिए जाने पर खुशी जताई। इस मौके पर बोलते हुए भाजपा नेता योगेश तंवर ने बताया कि कुर्थला गांव के लगभग हर परिवार से कम से कम एक युवा आज मां भारती की रक्षा के लिए देश सेवा कर रहा है और उससे भी बड़ी बात यह है कि इस छोटे से गांव ने अब तक 7 वीर सपूतों की शहादत दी है। उन्होने इन शहीदों की शहादत को शत-शत नमन करते हुए कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार शहीदों की शहादत को चिरस्थाई बनाने के लिए हर जरूरी कदम उठाते हुए शहीदों के परिवारों को पूरा मान-सम्मान दे रही है।

## शहीदों की शहादत का सम्मान कर रही सरकार : पूर्वमंत्री संजय सिंह

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना हलका के पूर्व विधायक और प्रदेश सरकार में वन, पर्यावरण राज्यमंत्री रहे कुंवर संजय सिंह छोकर ने स्थानीय सांसद व केन्द्रीयमंत्री राव इंद्रजीत सिंह के गांव कुर्थला में सामुदायिक केन्द्र के निर्माण के लिए 21 लाख रुपए का अनुदान दिए जाने और गांव कुर्थला के रहने वाले अमर शहीद समय सिंह की प्रतिमा का अनावरण कर गांव के सरकारी स्कूल का नाम शहीद समय सिंह के नाम पर रखने, गांव में प्रवेश द्वार का निर्माण शहीद छतरपाल सिंह के नाम पर कराए जाने और शहीद विक्रम सिंह के नाम पर भी एक विद्यालय का नामकरण किए जाने को शहीदों का सच्चा सम्मान बताया है। उन्होने कहा कि गांव कुर्थला छोटा सा गांव होने के बावजूद देश सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। इस मौके पर उनके साथ युवा समाजसेवी कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, संजीव गुप्ता सर्राफ, युवा अग्रवाल नेता पुलकित गुप्ता, खेलस्टेडियम समिति के पूर्व मैंबर सेठ विष्णु अग्रवाल, भानु चौधरी, नरेश सैनी एडवोकेट भी मौजूद रहे।

## अब एक की बजाय तीन स्थानों पर प्रदर्शनकारी कर सकेंगे प्रदर्शन : दीपक गर्ग

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग होंडा ने केन्द्र सरकार द्वारा गृह मंत्रालय द्वारा गठित की गई कमेटी की सिफारिशों के आधार पर राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली स्थित जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की बजाय रामलीला मैदान, बुराड़ी मैदान और पूर्वी दिल्ली के सीबीडी मैदान को प्रदर्शन स्थलों के रूप में नामित किए जाने पर खुशी जताई है। उन्होने बताया कि केन्द्र सरकार ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए लिया गया यह निर्णय तत्काल प्रभाव से लागू किया है क्योकि जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने से आसपास क्षेत्रों समेत पूरी राष्ट्रीय राजधानी प्रभावित होती थी। उम्मीद है कि अब लोगों को इससे निजात मिलेगी।

# देश हमें देता है सब कुछ-हम भी तो कुछ देना सीखे तराने पर झूमते नजर आए दर्शक

### देश भक्ति से भरी समूह ज्ञान प्रतियोगिता में 14 विद्यालयों के सैकड़ों विद्यार्थी हुए शामिल

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा के तत्वाधान में आज विद्यार्थियों में बाल्यकाल से ही देशभक्ति की भावना भरने के लिए राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता का आयोजन यहां पर सेक्टर चौवन स्थित स्कूल प्रांगण में हुआ, जिसमें विभिन्न 14 विद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने 29 प्रस्तुतियां प्रस्तुत की। विवेकानंद आरोग्य केन्द्र के ट्रस्टी विवेकानंद तिवारी ने बताया कि आज सुबह दस बजे मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर इस कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। राष्ट्रीय ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल होने वाले विद्यार्थियों ने देश भक्ति के गीतों के तरानों से वातावरण को पूरी तरह राष्ट्र प्रेम से भरा वातावरण बनाकर जमकर दर्शकों की वाहवाही बटोरी। इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में मौजूद बाबा खाटूश्याम के परम भक्त और भाजपा विधायक पहलवान मुकेश शर्मा ने समूह गान प्रतियोगिता में शामिल विद्यार्थियों, अभिभावकों, युवा व मातृशक्ति के साथ-साथ आमंत्रितों को देश के प्रति अपनी कर्तव्य निष्ठा व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूर दृष्ठा के बारे में बताया और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्र सेवा के लिए समर्पित रहना चाहिए। इस मौके पर उन्होने देश हमें देता है सब कुछ-हम भी तो कुछ देना सीखे गीत गुनगनाते हुए अपनी मधुर आवाज में एक गीत भी प्रस्तुत किया। क्षेत्रीय संस्कार संस्था के संयोजक सुरेन्द्र कुमार जग्गा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मौजूदजनों के बीच अपने संबोधन में भारत विकास परिषद के इस देश भक्ति वाले भाव व बच्चों के अपने भारत देश के समर्पण के बारे में प्रोत्साहन किया तो वही कार्यक्रम में विशेष आमंत्रण पर आए भारत विकास परिषद में राष्ट्रीय संयुक्त महासचिव महेंद्र शर्मा ने परिषद के राष्ट्रीय समूहगान के स्वरूप के बारे में बताया व विद्यार्थियों के इस प्रोग्राम में बढ़-चढक़र भाग लेने के लिए प्रशंसा की। साथ ही यह भी बताया कि देश में आज का जो वातावरण चल रहा है, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि अपनी राजनीति चमकाने के लिए विपक्षी दलों के नेता अलगाववादी नीति अपनाकर देश में अराजकता भरा माहौल पैदा करने का प्रयास कर रहे है। हम सभी को उनकी ऐसी चालों से सचेत रहना होगा। उन्होने कहा कि अलगाववादी सोच और अराजकता भरा माहौल पैदा करना ना तो हमारे खून में है और ना ही यह हमारे देश के संस्कार रहे है। उन्होने कहा कि वोट बैंक की राजनीति और सत्ता हथियाने के लिए कुछ राष्ट्र विरोधी ताकते युवकों को भडक़ाने का प्रयास कर रहे है। इस मौके पर बाला जी समूह के संस्थापक व राष्ट्रचिंतक विनोद मित्तल ने विद्यार्थियों को अपने संबोधन में खूबसूरत प्रस्तुतियों की सराहना की। मंच का संचालन संस्कार संयोजक श्रीमती नीरजा बतरा तथा श्रीमती रेखा तिवारी और अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता, श्रीमती अर्शा गुप्ता, संदीप गुप्ता डाक्टर केके खुराना ने सामूहिक रूप से बहुत ही बेहतरीन तरीके से करते हुए बार-बार दर्शकों की तालियां बटोरी। समाजसेवी विवेकानंद तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय समूह गान प्रतियोगिता में संस्कृत व हिंदी की संयुक्त प्रस्तुतिओं में लार्ड जीसस स्कूल प्रथम, रोजलैंड स्कूल द्वितीय व डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल भोंडसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जबकि लोक गीत प्रतियोगिता में भी लार्ड जीसस स्कूल प्रथम, यूरो स्कूल द्वितीय व तृतीय स्थान दो विद्यालयों एआईसी कैप्टेन स्कूल बहरामपुर सेक्टर सत्तर व रोजलैंड पब्लिक स्कूल को संयुक्त रूप में दिया गया। इस विशाल कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष ऋषि अग्रवाल, प्रांतीय महासचिव राजीव छाबड़ा, जिला समन्वयक आरके गर्ग, सुरिंदर गुप्ता, अमित मित्तल, विजय जुनेजा, श्रीमती लता गर्ग, आनंद गुप्ता, सतपाल बेदी, विश्वबंधु गुप्ता, विवेकानंद तिवारी, राकेश बत्रा एवं अन्य शाखाओं से आए सदस्य एवं पदाधिकारी विशेष रूप से मौजूद रहे।

## मां दुर्गा का शांति रूप है ब्रहमचारिणी : पंडित भगवतदयाल शर्मा

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** नवरात्रों के दूसरे दिन सोमवार को देवी ब्रहमचारिणी की आराधना कर रहे श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी पंडित भगवतदयाल शर्मा ने नवरात्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मां दुर्गा का शांति रूप ब्रहमचारिणी तप की शक्ति का प्रतीक है। इनकी कृपा से सिद्धि और विजय की प्राप्ति व सभी मनोवांछित कार्य पूरा होते है। इनकी आराधना से दरिद्रिता दरवाजे से लौट जाती है और घर में लक्ष्मी का वास होता है। यह देवी भक्तों को संदेश देती है कि जीवन में बिना तपस्या और कठोर परिश्रम के सफलता प्राप्त नही हो सकती है। भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए इन्होने हजारों वर्ष तक घोर तपस्या प्राप्त की। तब शिवजी को प्राप्त किया। क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी पंडित भगवतदयाल शर्मा ने बताया कि मां दुर्गा का शांति रूप ब्रहमचारिणी का धार्मिक ग्रंथों में किए गए उल्लेख में बताया कि मां ब्रहमचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिमय एवं भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला और बाए हाथ में कमंडल रहता है। अपने पूर्वजन्म में जब यह राजा हिमालय के घर में पुत्री के रूप में पैदा हुई, तब नारद के कथन से इन्होने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए कठिन तपस्या की थी। एक हजार वर्ष तक उन्होने केवल फल-फूल खाकर ही व्यतीत किए थे। जब हजारों वर्ष की कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया तो इनकी तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। देवता, ऋषि, सिद्धिगण, मुनि सभी देवी की तपस्या की सराहना करने लगे। तब अंत में पितामह ब्रहमा जी ने आकाशवाणी द्वारा कहा कि हे देवी, आज तक किसी ने भी ऐसी कठोर तपस्या नही की थी। तुम्हारी मनोकामना अवश्य पूरी होगी और भगवान चन्द्रमोली शंकर तुम्हे पति रूप में प्राप्त होंगे। इसलिए अब तुम तपस्या से विरक्त होकर घर लौट जाओ। उन्होने बताया कि मां दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है।

## त्यौहारी मौसम में भारी वाहनों की बाजार में आवाजाही पर लगाई जाए रोक : वीरेन्द्र यादव

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने त्यौहारी मौसम में सोहना के सबसे बड़े और पारम्पारिक बाजार में भीड़भाड़ के चलते चार पहिया वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत सुबह से देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ होती है लेकिन बाजार में भारी भीड़ के बावजूद दोपहिया वाहनों के साथ-साथ चार पहिया वाहनों की आवाजाही से बार-बार जाम लग रहा है। जिस कारण बाजार में सामान खरीदने आए ग्राहकों को परेशानियां हो रही है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने कहा कि अभी दशहरा आने में एक हफ्ता बाकी है लेकिन अगर ऐसे ही हालात रहे तो लोगों की परेशानियां काफी बढ़ जाएगी। जाम की वजह से 10 मिनट का सफर 2-2 घंटे में पूरा हो पा रहा है। वैसे भी बाजार में दोपहिया व चार पहिया वाहन लानों के लिए दोपहिया व चार पहिया वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की सुविधा नही है। उन्होने बताया कि सोहना शहर में अनाजमंडी आबादी के बिल्कुल बीचोबीच स्थित है। किसान, जमीदार अनाजमंडी में बेचने के लिए बाजरा ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर ला रहे है लेकिन स्थानीय मार्किटकमेटी प्रशासन, पुलिस प्रशासन और नगरपरिषद प्रशासन की तरफ से फसल लेकर आने वाली खाली व भरी ट्रैक्टर-ट्रालियों को सही जगह पर खड़े करने के लिए स्थान उपलब्ध नही कराया गया है और फसल बेचने के लिए लाए किसानों का गेटपास भी अनाजमंडी प्रशासन की तरफ से सरकारी अस्पताल के सामने सडक़ पर ही बनाया गया है। जिससे सडक़ पर ट्रैक्टर-ट्रालियां खड़ी होने से सरकारी अस्पताल के सामने गेट से लेकर चिल्डप्वाइंट और चिल्डप्वाइंट से लेकर दमदमा चौक व बाईपास चौक तक वाहनों का लंबा जाम बार-बार लग रहा है। पुलिस प्रशासन भी इस जाम को खुलवाने पर ध्यान देने की बजाय पुलिस के जवान आसपास पेड़ों की छाया में खड़े नजर आते है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने बताया कि अभी दशहरा, दीवाली त्यौहार आए भी नही है कि सोहना के साथ-साथ भौंड़सी-बादशाहपुर में भी जाम का ऐसा नजारा आए दिन देखने को मिल रहा है।

## श्री हनुमानमंदिर छोटी बगीची में श्रद्धालुओं को उपलब्ध हो रही सुविधाएं : विजय अग्रवाल

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष तथा श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति (रजि.) के प्रधान विजय अग्रवाल ने आज एक कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित करके किया। इस मौके पर केंद्रीय सडक़ परिवहनमंत्री नितिन गडकरी के साथ-साथ कई मौजूदा सांसद और सर्वसमाज के आमंत्रित लोग व पंच-पटेल भी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होने दीप प्रज्जवलित उपरान्त अपने संबोधन में इस बात पर खुशी जताई कि सामाजिक कार्यक्रम में सर्वसमाज के आमंत्रित लोगों ने शामिल होकर अनेकता में एकता-भारत की विशेषता वाली सदियों से चली आ रही परम्परा को कायम रखते हुए एक आदर्श कायम किया है। इस मौके पर बोलते हुए स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग तथा अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि शिवनगरी सोहना शहर स्थित श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची सुरक्षा समिति (रजि.) के प्रधान विजय अग्रवाल के नेतृत्व में यह समिति मंदिर के संरक्षण, श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सामाजिक कल्याण के कार्यों में पूरी निष्ठा के साथ सक्रिय है। सुरक्षा समिति नाम के अनुरूप प्रधान विजय अग्रवाल का मुख्य फोकस मंदिर परिसर को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध बनाना है और खुशी की बात यह है कि प्रधान विजय अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन और विजन के तहत समिति प्रमुख रूप से निम्नलिखित विषयों व दायित्वों का निर्वहन करती है। स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग तथा अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित रंगमंच कलाकार लाला देशराज गोयल ने बताया कि छोटी बगीची स्थित इस पावन हनुमान मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं, विशेषकर महिला और वृद्ध भक्तों की सुरक्षा के लिए उचित प्रबंध (जैसे सीसीटीवी निगरानी, सेवादारों की तैनाती) सुनिश्चित करना है। इसके साथ-साथ श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची में मंगलवार, शनिवार और हनुमान जयंती जैसे बड़े पर्वों पर उमडऩे वाली भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुव्यवस्थित लाइनों और रास्तों की व्यवस्था करना भी इनकी प्राथमिकताओं में शामिल है ताकि श्री हनुमान मंदिर छोटी बगीची में बजरंगबली के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को दर्शन सुलभ हो सके। उन्होने बताया कि इससे पहले सेठ विजय अग्रवाल स्थानीय श्री अग्रवालसभा में प्रधान पद पर रहते हुए समाज के लोगों के सहयोग से अपने कार्यकाल में एनसीआर क्षेत्र का सबसे आधुनिक सुविधाओं युक्त महाराजा अग्रसेन बैंकेट हॉल का निर्माण यहां पर कराने में कामयाब रहे है और अब अग्रवाल वैश्य समाज में जिलाध्यक्ष जैसे अहम पद पर कार्य करते हुए समाज की दृष्टि से समूचे ग्लोबलसिटी जनपद का भार अपने कंधों पर संभाले हुए है।

## महिलाओं की सुरक्षा में शी-बॉक्स पोर्टल निभा रहा अहम भूमिका : भाजपा नेता राकेश जैन

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** भाजपा के वरिष्ठ नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक और भेदभाव-मुक्त कार्यस्थल सुनिश्चित करने के उद्देश्य से केन्द्र सरकार द्वारा लागू कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडऩ (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु शी-बॉक्स (यौन उत्पीडऩ इलेक्ट्रॉनिक शिकायत पेटी) पोर्टल एक महत्वपूर्ण डिजिटल माध्यम के रूप में कार्य कर रहा है। यहां पर मातृशक्ति के बीच शी-बॉक्स पोर्टल के महत्व से अवगत कराते हुए उन्होने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा संचालित यह पोर्टल महिलाओं को कार्यस्थल पर होने वाले यौन उत्पीडऩ से संबंधित शिकायतें घर बैठे ऑनलाइन दर्ज कराने तथा उनकी प्रगति की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।
भाजपा नेता राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि शी-बॉक्स पोर्टल महिलाओं को शिकायत दर्ज कराने के लिए सरल, सुरक्षित और पारदर्शी व्यवस्था उपलब्ध कराता है। शिकायत दर्ज होने के बाद उसे संबंधित संस्थान की आंतरिक शिकायत समिति अथवा स्थानीय शिकायत समिति को भेजा जाता है, जहां निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जांच कर समयबद्ध निस्तारण किया जाता है। शिकायतकर्ता अपनी शिकायत की स्थिति भी ऑनलाइन देख सकती है।
उन्होने बताया कि किसी भी कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीडऩ (रोकथाम, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के अनुसार 10 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रत्येक संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। इस अधिनियम का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षित कार्य वातावरण उपलब्ध कराना, उनके सम्मान और गरिमा की रक्षा करना तथा लैंगिक समानता को बढ़ावा देना है।

## संघ प्रचारक पिटाई प्रकरण की कराए जाए उच्चस्तरीय जांच : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिला संयोजक व सोहना मार्किटकमेटी मैंबर डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के एक जिलाप्रचारक कृष्णअवतार की जयपुर जनपद के नरेना पुलिस थाने में बेरहमी से पिटाई किए जाने की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होने बताया कि इस घटना के विरोध में नरेना के बाजार पूरी तरह बंद है तो ग्रामीणों ने नरेना पुलिस थाना घेरा हुआ है और देहात क्षेत्र के पुलिस कप्तान उमराव सिंह ने जनाक्रोश को भाप सात पुलिसकर्मियों की पहचान कर उनके खिलाफ बीएमएस की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हे तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने कहा कि बेवजह एक निर्दोष पर खाकी और पुलिसिया रौब गालिब कर थाने में लाकर उनके साथ बेरहमी से पिटाई किए जाने, प्राइवेट पार्टस पर प्रहार करने और उनके बेहोश होने पर चुपचाप ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराए जाने से जाहिर है कि पुलिस अपनी इस घिनौनी करतूत को छुपाने के लिए हर संभव प्रयास करती रही लेकिन जैसे ही लोगों को इस घटना की जानकारी लगी, व्यापारियों ने बाजार बंद कर दिया और ग्रामीणों ने व्यापारियों के साथ मिलकर थाना घेर लिया। उन्होने कहा कि इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर आरोपी पुलिसकर्मियों को नौकरी से बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि भविष्य में खाकी के रौब में कोई भी पुलिसकर्मी किसी भी निर्दोष के साथ ऐसा शर्मनाक कृत्य ना कर पाए।

## शिवनगरी के सीताराममंदिर में माता के विशाल जागरण में रात भर झूमते रहे श्रद्धालु

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** सोहना शहर के वार्ड-सोलह के तहत लगने वाले राजपूताना मोहल्ले में स्थित प्राचीन श्री सीताराममंदिर परिसर में शारदीय नवरात्रों के उपलक्ष्य में रविवार की देर रात राजपूत युवा संगठन एवं मां कामाख्या के श्रद्धालुओं के सहयोग से मां भगवती के आयोजित किए गए विशाल जागरण में विनोद राघव व प्रमोद राघव ने संयुक्त रूप से ज्योति प्रज्जवलित कर जागरण का शुभारंभ कराया। आचार्य लोकेश भारद्वाज के सानिध्य और मंदिर के महंत पंडित टेकचंद शर्मा की मौजूदगी में माता के इस विशाल जागरण में माता के भजनों पर श्रद्धालु रात भर झूमते रहे। देखने वाली बात यह रही कि भाजपा नेता डाक्टर रामवीर गोस्वामी, स्थानीय व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी, भाजपा नेता व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू, युवा अग्रवाल नेता संदीप गोयल, कालू गोयल, कुंवर महेन्द्र सिंह राणा, जितेन्द्र राणा, श्री शिवकुंड रक्षा कमेटी प्रधान जगजीत सिंह राणा, निकाय विभाग हरियाणा में कार्यकारी अभियंता प्रवीण राघव, नगरपार्षद नीरज सिंगला, भाजपा नेता गौरव चुघ आदि प्रमुख लोग भी माता के दरबार में ढोक लगाने और आशीर्वाद लेने के लिए साथियों समेत आए। वही प्रियांशु राघव, दीपांशु मिश्रा, आर्यप्रताप राघव, पुष्पेन्द्र चौहान, वीर राघव, शरद तोमर, अभिषेक राघव, ऋषभ सोनी, गर्व तोमर, रंजन पांडे ने बताया कि प्राचीन श्री सीताराममंदिर में आयोजित किए गए माता के जागरण के समापन पर मंदिर परिसर में विशाल भंडारा चलाया गया।

# दुर्गा पूजा पंडालों में पहुंच कर विधायक तेजपाल तंवर ने की पूजा-अर्चना-हुआ स्वागत

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर का आज सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी की मारूतिकुंज और स्नेहविहार कॉलोनियों में आयोजित की जा रही दुर्गा पूजा महोत्सव में पहुंचने पर आयोजकों व श्रद्धालुओं ने फूलमालाएं पहनाकर शानदार स्वागत किया तो विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने इस मौके पर मां दुर्गा की विधिवत रूप में पूजा अर्चना कर मां दुर्गा का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए शारदीय नवरात्रों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नवरात्रि केवल पूजा अर्चना का पर्व नही बल्कि शक्ति, संस्कार और आत्म शुद्धि का संदेश देने वाला पावन उत्सव है। मां दुर्गा के 9 स्वरूप हमें जीवन में साहस, धैर्य, करूणा, संयम व धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है। उन्होने नवरात्रों में मां भक्ति की आराधना के साथ-साथ प्रत्येक व्यक्ति से अपने जीवन में अच्छे विचार अपनाने, जरूरतमंदों की सहायता करने, महिलाओं का सम्मान करने तथा समाज में आपसी प्रेम-प्यार, सदभाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आहवान किया और कहा कि नवरात्रों में कंजिका पूजन बालिकाओं में देवी का स्वरूप होता है।

इस मौके पर युवा भाजपा नेता राजकुमार तंवर, विजय तंवर, सोहना मार्किट कमेटी चेयरमैन चौधरी दयाराम लोहिया, मारूतिकुंज कॉलोनी में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता महेश यादव व राहुल यादव, भाजपा नेता डाक्टर रामबीर गोस्वामी, भाजपा के जिलाप्रवक्ता नरेन्द्र अधाना सिरसका, भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह बागड़ी, सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के डायरेक्टर चौधरी धर्मबीर डागर अलीपुरिया, भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सुरज्ञान सिंह, जिला योजना बोर्ड के उपाध्यक्ष रहे चौधरी हरबीर अधाना, भारत रक्षा मंच के प्रांतमंत्री और भाजपा नेता रामकिशन राघव भौंड़सिया, भाजपा नेता योगेश तंवर, सीएम विंडो में एमिनेंट पर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुर, निर्मला चोपड़ा घामडोज, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन मुकेश सैनी सोहनाढाणी, रंजीत सिंह राठौर, विधायक के निजी सहायक कर्मबीर अंबावता, धीरू नागर, भाजपा नेता महेंद्र डागर, नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष लेखराज विशेष रूप से मौजूद रहे।

## त्यौहारी मौसम में भारी वाहनों की बाजार में आवाजाही पर लगाई जाए रोक : कांग्रेस नेता मनीष खटाना

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में राज्य प्रवक्ता मनीष खटाना दमदमिया ने त्यौहारी मौसम में सोहना के सबसे बड़े और पारम्परिक बाजार में भीड़भाड़ के चलते चार पहिया वाहनों के साथ-साथ दोपहिया वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाए जाने की मांग की है। उन्होने कहा कि त्यौहारों के दृष्टिगत सुबह से देर रात तक बाजार में ग्राहकों की भीड़ होती है लेकिन बाजार में भारी भीड़ के बावजूद दोपहिया वाहनों के साथ-साथ चार पहिया वाहनों की आवाजाही से बार-बार जाम के हालात बन रहे है। बाजार में सामान खरीदने आए ग्राहकों को परेशानियां हो रही है। उन्होने कहा कि अभी दशहरा आने में एक हफ्ता बाकी है लेकिन अगर ऐसे ही हालात रहे तो लोगों की परेशानियां काफी बढ़ जाएगी। जाम की वजह से 10 मिनट का सफर 2-2 घंटे में पूरा हो पा रहा है। वैसे भी बाजार में वाहन लानों के लिए पार्किंग की सुविधा नही है। इसलिए नगरपरिषद प्रशासन को चाहिए कि वह पुलिस प्रशासन के साथ तालमेल बैठाकर त्यौहारी मौसम में दीपावली तक बाजार में मालवाहक वाहनों के साथ-साथ चार पहिया व दोपहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रभावी तरीके से रोक लगाए ताकि बाजार में सामान खरीदने आए ग्राहकों को बार-बार जाम जैसी समस्या से ना जूझना पड़े।

## ज्यादा दर्द निरोधक दवाओं के सेवन से युवा हो रहे गठिया रोग का शिकार : डाक्टर राशिद खान

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में गांव सांपकीनंगली मोड के समीप स्थित लाइफकेयर स्वास्थ्य केन्द्र में सोमवार को विश्व आर्थराइटिस दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर उपस्थितों के बीच बोलते हुए डाक्टर राशिद खान ने कहा कि ग्लोबल सिटी में ज्यादातर युवा गठिया रोग के शिकार हो रहे है। जिसका प्रमुख कारण जोड़ों के दर्द का इलाज कराने की बजाय दर्दनिवारक दवाओं का ज्यादा सेवन करना है। जरूरी है कि बिना योग्य चिकित्सक के परामर्श के दर्द निरोधक दवाएं ना ली जाए क्योंकि इन दवाओं के अधिक सेवन से शरीर के अन्य अंगों लीवर, किडनी पर बुरा असर पड़ता है। उन्होने कहा कि बुजुर्गों व महिलाओं में भी यह समस्या ज्यादा रहती है। ऐसे में जरूरी है कि नियमित रूप से व्यायाम किया जाए। चालीस वर्ष की उम्र के बाद ज्यादा बोझ उठाने से परहेज करना जाए।

## नरेश शर्मा लगातार दूसरी बार सर्वसम्मति से सर्वजीवी पत्रकार संघ पटौदी के अध्यक्ष चुने गए

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना पत्रकार संघ के अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा कि जिला पाटोदी इकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा को एक बार फिर से पटौदी इकाई का सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई दी है। उन्होने बताया कि पटौदी में आयोजित बैठक में मुख्य रूप से श्रमजीवी पत्रकार संघ हरियाणा की संस्थापक अध्यक्ष डाक्टर इंदु बंसल जैन, महासचिव नवीन बंसल, झज्जर जिला इकाई के प्रधान ललित गोठवाल विशेष रूप से मौजूद रहे। अध्यक्ष नरेश शर्मा ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर नए अध्यक्ष के लिए बैठक में प्रस्ताव रखा। पटौदी जिला इकाई के संस्थापक पूर्व जिला महासचिव फतह सिंह उजाला ने अध्यक्ष नरेश शर्मा के नेतृत्व में किए गए कार्यों को प्राथमिकता प्रदान करते हुए एक बार फिर से पटौदी इकाई का अध्यक्ष की प्रस्तावना रखी। जिसको बैठक में मौजूद प्रदेश अध्यक्ष डाक्टर इंदु बंसल सहित अन्य सभी पत्रकारों के द्वारा सर्व समिति से अनुमोदन कर दिया गया। पाटोदी जिला इकाई के अध्यक्ष नरेश शर्मा का इस मौके पर मौजूद पत्रकारों के द्वारा पगड़ी और फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इस मौके पर श्रमजीवी पत्रकार संघ जिला पाटोदी इकाई के कानूनी सलाहकार एडवोकेट संदीप यादव, एडवोकेट ज्योति, एडवोकेट पवन गौड, एडवोकेट जय किशन, एडवोकेट सुनील दत्त शर्मा, झज्जर के प्रधान ललित गोठवाल, मोहम्मद रफीक खान, शिवचरण, हंसराज यादव, राधे पंडित, वासुदेव, करण सिंह लखेरा, शमशेर सिंह, मीर सिंह , रविन्द्र , पवन देव यादव सहित अनेक पत्रकार मौजूद रहे। अध्यक्ष नरेश शर्मा ने एक बार फिर से जिम्मेदारी सौंपे जाने के लिए श्रमजीवी पत्रकार संघ का आभार व्यक्त करते हुए पटौदी कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को अपने-अपने पद पर बने रहने की घोषणा की।

## हरियाणा में मीडियाकर्मियों के लिए आर्थिक सहायता दुगुनी-कैबिनेट ने ढाई लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने को दी मंजूरी : हरीश नंदा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): हरियाणा ओलम्पिक संघ के पूर्व मैंबर और भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में यहां हुई हरियाणा कैबिनेट की बैठक में 'हरियाणा मीडिया पर्सनल वेलफेयर फंड एडमिनिस्ट्रेशन स्कीम' में संशोधन को मंजूरी दी गई। इसके तहत पात्र मीडिया कर्मियों के लिए आर्थिक सहायता की अधिकतम सीमा को हर मामले में 2.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है। उन्होने बताया कि खास बात यह है कि कैबिनेट ने यह फैसला मुख्यमंत्री द्वारा 2 मार्च, 2026 को हरियाणा विधानसभा में वर्ष 2026-27 के बजट भाषण के दौरान की गई घोषणा के अनुरूप लिया गया है। बजट भाषण के दौरान, मुख्यमंत्री ने आपात स्थिति में मीडिया कर्मियों को दी जाने वाली आर्थिक सहायता की अधिकतम सीमा को 2.50 लाख रुपये से बढ़ाकर 5 लाख रुपये करने की घोषणा की थी। इस फैसले से बीमारी, मृत्यु, दुर्घटना या अन्य आपातकालीन स्थितियों के कारण गंभीर जरूरत पड़ने पर पात्र मीडियाकर्मियों और उनके आश्रितों या कानूनी उत्तराधिकारियों को बड़ी हुई आर्थिक सहायता मिलेगी। हालांकि, 'हरियाणा मीडिया पर्सनल वेलफेयर फंड एडमिनिस्ट्रेशन स्कीम' के अन्य पात्रता मानदंड और नियम-शर्तें पहले जैसे ही रहेंगे।

## पंजाबी धर्मशाला में रामलीला मंचन के दौरान हुआ ताडक़ा वध का मंचन

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): श्रीराम की लीलाओं के मंचन के दौरान स्थानीय पंजाबी धर्मशाला सभागार में श्री सनातन धर्मसभा द्वारा प्रायोजित श्रीराम लीला मंचन के दौरान कलाकारों ने श्रीराम जन्म का दृश्य प्रस्तुत कर अपनी कला का प्रदर्शन किया। रामलीला मंचन के वक्त श्रीराम जन्म के दौरान सूर्यवंश को आगे बढ़ाने के लिए व्याकुल पुत्र विहीन महाराजा दशरथ ने अपनी व्यथा मुनि श्रृंगी ऋंगी जी को सुनाई। जिन्होंने अपने तप द्वारा यज्ञ कर महाराजा दशरथ को आशीर्वाद दिया। जिस कारण महाराजा दशरथ के घर चार पुत्रों ने जन्म लिया। पुत्र प्राप्ति पर महाराजा दशरथ गदगद हुए व पुत्रों संग अठखेलियां की। तत्पश्चात चारों पुत्रों को शिक्षा के लिए गुरूकुल में भेजा गया। गुरूकुल से शिक्षा पूरी करने के बाद जब चारों पुत्र वापिस अयोध्या आए तो मुनि विश्वामित्र अयोध्या नगरी आए और महाराजा दशरथ को बताया कि उनके हवन में राक्षस विघ्न डाल रहे है। अत: श्रीराम व लक्ष्मण को मेरे साथ भेज दो। तब मुनि विश्वामित्र राम व लक्ष्मण को अपने साथ अपना हवन पूरा करने व राक्षसों का संहार करने के लिए अपने साथ ले गए। वहां मुनि के आश्रम जाकर उन्होने ताडक़ा राक्षसी व अन्य राक्षसों का वध किया। श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी के प्रधान पंडित भुवनेश बाली, नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, विपिन मल्होत्रा, तिलकराज डूडेजा, मोहित खटटर, सन्नी पाहूजा, डाक्टर सतीश जुनेजा, रवि मदान, वयोवृद्ध समाजसेवी चंद्रभान रतड़ा, यशपाल वर्मानी, उमेश जुनेजा कोकी, मुख्य सेवक लवली जुनेजा, श्री सनातन धर्मसभा के उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा आदि ने बताया कि रामलीला में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ नजर आ रही है। रामलीला में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा के लिए इस बार विशेष इंतजाम किए गए है। सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ पुलिस जवान और महिला पुलिस के अलावा श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े स्वयंसेवक भी स्वेच्छापूर्वक सुरक्षा प्रहरी की भूमिका निभा रहे है।

## गठिया रोग से बचाव के लिए खानपान पर ध्यान दे नियमित करे व्यायाम : डाक्टर प्रवीण यादव

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** यहां पर खेलस्टेडियम के सामने बने वरदान अस्पताल व ट्रामासेंटर प्रांगण में सोमवार को विश्व आर्थराइटिस दिवस के उपलक्ष्य में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। वरदान अस्पताल व ट्रामा सेंटर के एचआर हैड प्रमोद कुमार पांडे ने बताया कि इस मौके पर उपस्थितों के बीच मुख्य वक्ता रूप में बोलते हुए वरदान अस्पताल व ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने गठिया रोग के लिए खानपान और व्यायाम की कमी को जिम्मेदार बताया है। उन्होने कहा कि खानपान और व्यायाम की कमी से शहरी क्षेत्र में रहने वाले युवा गठिया रोग का ज्यादा शिकार हो रहे है। बिगड़ी दिनचर्या लोगों को 25-30 वर्ष पहले ही गठिया का रोगी बना रही है जबकि अब से पहले गठिया रोग को वृद्धावस्था की बीमारी माना जाता था। उन्होने बताया कि कोविडकाल के बाद लोगों में जोड़ों के दर्द की समस्या पहले के मुकाबले ज्यादा बढ़ी है। यदि समय रहते इसका इलाज किया जाए तो इस बीमारी को बढऩे से रोका जा सकता है। वरदान अस्पताल व ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि मांसपेशियों में सूजन, हमेशा थकान और सुस्ती महसूस होना, जोड़ों में दर्द की समस्या, सामान्य कार्य करने पर भी असहनीय दर्द होना, जोड़ों के आसपास की त्वचा पर गांठे बन जाना गठिया रोग के लक्षण है। वरदान अस्पताल व ट्रामा सेंटर के निर्देशक डाक्टर प्रवीण यादव ने बताया कि गठिया रोग का प्रमुख कारण जोड़ों के दर्द का इलाज कराने की बजाय दर्दनिवारक दवाओं का ज्यादा सेवन करना है।

# लावारिस हालत में मिलने वाले शवों की पहचान-निगरानी एसीपी रैंक के अधिकारी करेंगे

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** युवराज मनचंदा हत्याकांड में पुलिस की तरफ से बरती गई घोर लापरवाही उजागर होने व पुलिस की इस प्रकरण में हुई किरकिरी और अदालत का डंडा घूमने के बाद पुलिस अब फूक-फूककर कदम रख रही है। इतना ही नही आला अधिकारियों ने अब किसी भी स्थान पर मिलने वाले लावारिस शवों को लेकर पूरी प्रक्रिया बदल दी है। अब क्षेत्र व जिले में किसी भी स्थान पर कोई लावारिस शव मिलने पर उस शव की पहचान और पूरी प्रक्रिया की निगरानी एसीपी स्तर के अधिकारी करेंगे। एसीपी हैडक्वार्टर अनिल कुमार ने बताया कि राज्य पुलिस मुख्यालय चंडीगढ़ से ताजा-ताजा जारी किए गए नए आदेशों के तहत पूरी प्रक्रिया तय किए गए प्रोटोकाल के अनुसार की जाएगी। हर स्तर पर निगरानी बरती जाएगी। मृतक का बिसरा, डीएनए सैंपल और कपड़ों को सुरक्षित रखने के साथ-साथ मृतक की फोटो, पूरी डिटेल तुरंत जिपनेट पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश हर थाना-चौकी प्रभारी को दिए गए है और एसीपी हैडक्वार्टर को बनाया गया है। देखा जाए तो पहले होता यह था कि जिस किसी थानाक्षेत्र में लावारिस शव मिलता था तो जांच अधिकारी थाने के सिपाही को पोस्टमार्टम कराने के लिए भेज देते थे किंतु ताजा कार्रवाई के बाद अब जांच अधिकारी भी कदम फूक-फूककर रखते हुए पूरी सतर्कता बरतते रहे है और ऐसे मामले में जांच अधिकारी खुद पोस्टमार्टम हाउस जाकर चिकित्सकों के बोर्ड से पोस्टमार्टम कराने की बात कर रहे है। पुलिस मुख्यालय से आए आदेशों में कहा गया है कि पुलिस कंट्रोल रूम में जब भी लावारिस शव की जानकारी किसी भी थानाक्षेत्र से मिलेगी, उसकी सूचना फौरन संबंधित क्षेत्र के एसीपी और एसीपी मुख्यालय को दी जाएगी। वह सुनिश्चित करेंगे की कि मृतक की पहचान के लिए मृतक की पूरी जानकारी सभी जगह सर्कुलेट हो और मृतक का बिसरा, कपड़े, डीएनए सैंपल तथा मृतक की हडडी का हिस्सा पूरी तरह सुरक्षित रखा जाए। अहम बात यह है कि दुनिया के मानचित्र पर ग्लोबलसिटी कहलाने वाले गुरूग्राम जनपद में बीते 5 वर्षों में एक हजार से ज्यादा शवों का अंतिम संस्कार लावारिस के रूप में किया जा चुका है। चालू वर्ष में भी अब तक 140 शवों का अंतिम संस्कार हो चुका है लेकिन अब लागू की गई नई व्यवस्था से उम्मीद है कि लावारिस शवों की पहचान होने पर ठोस कार्रवाई हो सकेगी। ध्यान देने वाली बात यह है कि 31 वर्षीय युवराज मनचंदा राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सरिता विहार के रहने वाले थे और अडानी रियल्टी में सेल्स मैनेजर थे। वह छह सितम्बर को किसी कार्यवश गुरूग्राम के लिए निकले थे। जिसके बाद वह लापता हो गए। दस सितम्बर को उनका शव गांव बादशाहपुर के एक नाले से बरामद हुआ। पुलिस ने उनके शव को लावारिस मानकर चौदह सितम्बर को उनका अंतिम संस्कार कर दिया। उनकी फोटो और जरूरी डिटेल जिपनेट पोर्टल पर सोलह सितम्बर को तब अपलोड की गई, जब दिल्ली पुलिस से हत्या की जानकारी मिली। मामला सुप्रीमकोर्ट में पहुंच गया। सुप्रीमकोर्ट ने बादशाहपुर पुलिस की कार्यप्रणाली और कार्रवाई पर सवाल उठाए। जांच में बादशाहपुर पुलिस थाने की बड़ी लापरवाही सामने आई। इस मामले में पहले जांच अधिकारी सहायक सबइंस्पेक्टर शाहुन खान को निलम्बित किया गया।

# डायबिटीज में छोटा घाव भी खतरनाक-इलाज टालना बन सकता है जानलेवा : डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** यहां पर शहर में दमदमा चौक के समीप स्थित एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल प्रांगण में सोमवार को रोगियों को जागरूक बनाने के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के उपाध्यक्ष विनीत रतड़ा, मोहित खटटर, विपिन मल्होत्रा और सन्नी पाहूजा ने बताया कि मौजूद रोगियों के बीच स्वास्थ्य जांच जागरूकता विषय पर बोलते हुए एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने कहा कि बीमारी का समय पर पता चलना और सही उपचार मरीज की जिंदगी की दिशा बदल सकता है। उन्होने बताया कि डायबिटीज में शरीर विशेषकर पैर का छोटा सा घाव गंभीर संक्रमण और पैर काटने तक की नौबत तक पहुंच सकता है। उन्होने आंकड़ों के आधार पर बताया कि वेस्कुलर सोसायटी ऑफ इंडिया के विशेषज्ञों के मुताबिक भारत में हर साल करीब एक लाख लोगों के निचले अंग समय पर रोग की पहचान अथवा उपचार ना होने पर काटने पड़ते है। इनमें सबसे ज्यादा शुगर से पीड़ित होने के बावजूद समय पर इलाज कराने में लापरवाही बरतने वाले रोगी होते है। यदि शुगर और हार्ट का रोगी जागरूक बन जाए, उसे सही समय पर सही उपचार मिले तो ऐसे 80 फीसदी मामलों का जागरूकता आने पर रोका जा सकता है। एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल निर्देशक डाक्टर प्रतीक गिरोत्रा ने बताया कि सीने में दर्द, ज्यादा पसीना आने, गला सूखने, उल्टे हाथ की बाह में असहनीय दर्द को तनिक भी हल्के में नही लेना चाहिए। तुरन्त ही ईसीजी करानी चाहिए और हृदय रोग विशेषज्ञ डाक्टर से बिना किसी देरी के परामर्श व उपचार लेने में कोताही नही बरतनी चाहिए। उन्होने हार्टअटैक के लक्षणों से भी मौजूदजनों को अवगत कराया और बताया कि शिवनगरी सोहना में एक्रोपोलिस सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल इकलौता ऐसा अस्पताल है, जिसमें कैशलेस प्रणाली के साथ-साथ सरकार की तरफ से भी रोगों संबंधी उपचार के लिए पैनल सूची में शामिल किया गया है और इस अस्पताल में आईसीयू, वेंटिलेटर सुविधा से लेकर हार्टअटैक आने पर दिल का आप्रेशन, इंजियोग्राफी समेत जीवनरक्षक तमाम सुविधाएं उपलब्ध है। जिस कारण अब इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों को जरूरत पडऩे पर हडडी, शुगर रोग व हार्टअटैक आदि के उपचार के लिए यहां से 26 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय अथवा फरीदाबाद व दिल्ली जैसे दूरदराज स्थानों पर नही आना-जाना पड़ेगा। अब उन्हे सोहना में ही घर बैठे जीवनरक्षक इलाज सुविधा मुहैया होने से रोगियों व उनके तीमारदारों के समय की बचत के साथ-साथ आवाजाही, किराए-भाड़े में खर्च होने वाला पैसा भी बच सकेगा।

## तीस वर्षों से खाली पड़ी दो एकड़ भूमि पर जनसुविधाएं उपलब्ध कराए नगरपरिषद

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** यहां पर वार्ड-तेरह के तहत लगने वाली पहाड कॉलोनी बस्ती में रहने वाले सैकड़ों परिवार सोमवार को स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय में आए और वार्ड-तेरह में नगरपरिषद की कई दशकों से खाली पड़ी करीब 2 एकड़ भूमि पर गांव-बस्ती के हित को देखते हुए दो आंगनवाड़ी केन्द्र, एक बालिका प्राइमरी विद्यालय, एक कोली भवन धर्मशाला कम सामुदायिक भवन बनवाए जाने की गुहार लगाई और नगरपरिषद अधिकारियों को लिखित में पत्र देकर बस्ती के परिवारों की भावनाओं से अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान में इस भूमि पर जहां भूमाफियाओं की नजर लगी हुई है तो वही गंदगी के ढेर लगे हुए है तो कुछ लोगों ने इस भूमि को खाली देख किसी ना किसी बहाने अतिक्रमण कर लिया है। किसी ने वहां ईंधन जमा कर दिया है तो किसी ने अपने वाहन खड़े कर पार्किंग स्थल बना दिया है तो यहां कूड़े-कचरे के जमावडे और मक्खी-मच्छरों के पनपने से मौसमी बीमारियां फैलने का अंदेशा बन गया है। ऐसे में बस्ती के परिवारों ने शासन-प्रशासन से जनहित को सर्वोपरि रखते हुए गुहार लगाई है कि करीब तीन-साढ़े तीन दशक से नगरपालिकापरिषद की मल्कियत वाली इस भूमि पर जनहित को बढ़ावा देने वाले उपरोक्त कार्य कराकर इस बस्ती में रहने वाले लोगों को जनसुविधाएं उपलब्ध कराई जाए ताकि इस बस्ती में रहने वाले परिवारों के बालक-बालिकाएं भी घर-घर तक शिक्षा का उजियाला फैलने पर शिक्षा ग्रहण कर अपने समाज, क्षेत्र और प्रदेश का नाम विभिन्न क्षेत्रों में रोशन कर सके। बस्ती के लोगों में यह चर्चाएं भी तेजी से जोर पकड़ रही है कि वोट बैंक की राजनीति के चलते यहां से चुनी गई महिला पार्षद का प्रतिनिधि नाले वाली भूमि पर चौपाल बनवाने के लिए साम-दाम-दंड-भेद वाली चाणक्य नीति अपनाकर संबंधित अधिकारियों को गुमराह कर रहा है। जिसका पूरी बस्ती विरोध करेगी।

## संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी : कांग्रेस नेता चौधरी महेश घोडारोप

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने सोमवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को अपने साथ कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के झंडे तले मंगलवार, 13 अक्टूबर को वोट चोरी के खिलाफ किए जाने वाले राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि वह अपनी अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं को इस विरोधप्रदर्शन में लेकर मंगलवार, 13 अक्टूबर की भोर सवेरे चार बजे अपने कार्यालय से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। उन्होने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों और वोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन करना हर भारतीय का संवैधानिक अधिकार है तथा अच्छी बात यह है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त व केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों के आगे झुकने की बजाय संविधान की रक्षा और जनहित के मुददों को जोरशोर से उठाकर पूरी ताकत के साथ संघर्ष करते हुए चुनावआयोग और भाजपा की अंदरूनी सांठगांठ का भांड़ाफोड़ कर रहे है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कांग्रेस के वोट बचाओ-देश अभियान को मिलते जन समर्थन को देख इतनी बुरी तरह डर व बौखला गई है कि कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद करा रही है तथा विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए कभी बार्डर सील कर तो कभी वाहनों की तलाशी लेकर तो कभी मेट्रो और रेल सेवाएं रोककर अलोकतांत्रिक तरीके अपना रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी का एक भी कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ी जा रही इस लड़ाई में तनिक भी दबने, झुकने और टूटने वाला नही है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर चौधरी महेश घोडारोप ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, खाकी व लाठीतंत्र के दम पर लोगों की आवाज दबाने के आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात सरकार ने बना दिए है। देश में संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे है तो लोकतंत्र की रक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर लड़ाई लड़ रहे कांग्रेस-इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है लेकिन हरियाणा के युवा बहादुर और दिलेर है। जब वह ब्रिटिश व अंग्रेजी हुकूमत ना झुके, ना दबे, ना टूटे, ना घबराए तो इस हिटलरशाही भाजपा सरकार के हथकंडों के आगे हरियाणवी और देशवासी तनिक भी दबने, झुकने और टूटने वाले नही है। दिल्ली में आज होने वाली रैली अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक रैली होगी।

## भूपेन्द्र राठी को युवा विंग की कमान सौंप इनेलो ने जीता युवाओं का दिल : इनेलो नेता सन्नी डागर

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** इनेलो के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता चौधरी विजय सिंह डागर और इनेलो युवा के हलका प्रधान सन्नी डागर ने पार्टी संगठन को जमीनी स्तर पर और ज्यादा मजबूती देने के लिए पूर्व विधायक चौधरी नफे सिंह राठी के पुत्र भूपेन्द्र राठी को युवा इनेलो का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र के युवाओं की तरफ से इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला का आभार व्यक्त करते हुए भूपेन्द्र राठी को क्षेत्र की तरफ से बधाई दी है। उन्होने बताया कि पूर्व विधायक नफे सिंह राठी भी इनेलो के प्रदेशाध्यक्ष रहे तो उनकी धर्मपत्नी श्रीमती शीला राठी भी इनेलो प्रदेश कार्यकारिणी में सक्रिय रहकर पार्टी संगठन में मातृशक्ति को जोडक़र पार्टी को जमीनी स्तर पर ज्यादा मजबूती देने का काम कर रही है और जिस उम्मीद के साथ इनेलो सुप्रीमो चौधरी अभय सिंह चौटाला ने उन्हे युवा इनेलो का प्रदेशाध्यक्ष बनाया है, उन्हे पूरा भरोसा है कि वह पार्टी नेतृत्व के भरोसे पर 100 फीसदी खरा उतरेंगे। इनेलो नेता चौधरी विजय सिंह डागर और इनेलो युवा के हलका प्रधान सन्नी डागर ने इस मौके पर लडडू मंगाकर यहां गांव रायपुर स्थित इनेलो कार्यालय पर अपने साथियों के साथ मिलकर आते-जाते राहगीरों के बीच लडडू वितरित कर पूर्व विधायक चौधरी नफे सिंह राठी के पुत्र भूपेन्द्र राठी को युवा इनेलो का प्रदेशाध्यक्ष बनाए जाने पर अपनी खुशियों को एक-दूसरे से सांझा किया और मौजूद कार्यकर्ताओं को बताया कि भूपेन्द्र राठी की युवाओं में बड़ी जबरदस्त रूप से जमीनी पकड़ है। इस मौके पर उन्होने मौजूदा सरकार पर हर मोर्चे पर विफल रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश व प्रदेश में महंगाई, बेरोजगारी, अराजकता तेजी से बढ़ रही है तो हरियाणा में कानून व्यवस्था का दीवाला पिट गया है।

किसानों को उनकी उपज का एमएसपी मूल्य नही मिल रहा है। अनाजमंडियों में किसानों का हो रहा शोषण किसी से छुपा नही है।

# वेदों की परंपरा, तपस्या और भारतीय गुरु परम्परा की जीवंत विरासत : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि वेद सम्पूर्ण धर्म के मूल हैं। भारतीय संस्कृति की महानता केवल उसके प्राचीन इतिहास में नही बल्कि उस अखंड ज्ञान-परंपरा में निहित है, जिसे हमारे ऋषियों, आचार्यों और तपस्वियों ने अपने जीवन की साधना बनाकर सहस्त्राब्दियों तक सुरक्षित रखा है। वेदों का अध्ययन केवल पुस्तकों का अध्ययन नहीं है। यह स्वर, मात्रा, उच्चारण, छंद, अनुशासन, एकाग्रता और गुरु-सेवा से जुड़ी ऐसी साधना है, जिसमें साधक को अपने जीवन का बड़ा भाग समर्पित करना पड़ता है। वेद की एक-एक मात्रा, एक-एक स्वर और एक-एक उच्चारण के पीछे पीढिय़ों की तपस्या और परंपरा का योगदान है। सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि दंडक्रम पारायण और कंठस्थ वेदाध्ययन इसी अदभुत साधना के उत्कृष्ट उदाहरण हैं। काशी की पावन भूमि पर, मां गंगा के तट पर, कंठस्थ शुक्ल यजुर्वेद दंडक्रम पारायण जैसे आयोजन भारतीय वैदिक परंपरा की जीवंतता का स्मरण कराते हैं। ऐसी साधना में निरंतर अभ्यास, असाधारण स्मरणशक्ति, स्वरशुद्धि, धैर्य और गुरुजनों के मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आज जब संसार तकनीक और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से ज्ञान को सुरक्षित रखने के नए साधन विकसित कर रहा है, तब हमारे वैदिक आचार्यों और वेदपाठियों का जीवन हमें यह सिखाता है कि ज्ञान केवल संग्रह करने की वस्तु नही बल्कि साधना से आत्मसात करने वाली विद्या भी है। इस प्रसंग में वे. मू. शैलेन्द्र प्रभाकर काकड़े तथा उनके सुपुत्र वे. मू. अद्वैत एवं वे. मू. समर्थ काकड़े जैसे साधकों की वैदिक साधना विशेष चर्चा का विषय है। कम आयु में कठिन वैदिक अध्ययन और पारायण की दिशा में उनका समर्पण नई पीढ़ी के लिए प्रेरणादायी है। ऐसे साधकों के पीछे उनके माता-पिता का त्याग, गुरुजनों का मार्गदर्शन और वैदिक संस्थाओं का संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। सोहना व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने कहा कि हमें यह भी समझना चाहिए कि किसी वैदिक उपलब्धि का सम्मान केवल आयु या कीर्तिमान के आधार पर नही बल्कि अध्ययन की प्रामाणिकता, परंपरा की शुद्धता, गुरु-शिष्य संबंध और साधना की गंभीरता के आधार पर भी होना चाहिए। वेदों की रक्षा केवल वेदपाठियों का दायित्व नही समस्त समाज का उत्तरदायित्व है। उन्होने कहा कि यदि हम चाहते हैं कि आने वाली पीढिय़ां वेद, संस्कृत, शास्त्र और भारतीय ज्ञान-विज्ञान की परंपरा से जुड़ी रहे तो हमें गुरुकुलों को प्रोत्साहित करना होगा, योग्य आचार्यों का सम्मान करना होगा और वैदिक शिक्षा के संरक्षण के लिए वास्तविक प्रयास करने होंगे क्योंकि जिस समाज की जड़ें अपने ज्ञान और संस्कृति में गहरी होती हैं, वही समाज आधुनिकता के साथ अपनी पहचान को भी सुरक्षित रख सकता है।

# देश में अराजकता फैलाने वालों के मंसूबे नही होंगे कामयाब : चेयरमैन सुभाष बंसल

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने बताया कि जिस तरह फ्रांस, बेल्जियम, स्पेन और चिली जहां पिछले एक हफ्ते से अराजकता फैलाई जा रही है, उसी तर्ज पर भारत में भी अलगाववादी ताकतें अराजकता फैलाने की साजिश रचते हुए ऐसा माहौल पैदा कर रही है ताकि देश की एकता, अखंडता को खतरा बन जाए और मौजूदा सरकार का तख्तापलट किया जा सके। उन्होने बताया कि जिस तरह फ्रांस ने ईरान के मुददे पर अमेरिका का साथ नहीं दिया। अमेरिकी हमले का विरोध किया। जिसके बाद वहां स्कूल ठीक करने के नाम पर एक आंदोलन शुरू हुआ और आज पूरे फ्रांस मे आग लगी हुई है। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने बताया कि बेल्जियम की कहानी भी वही है। इसने भी ईरान युद्ध मे अमेरिका का विरोध किया। वहां भी शिक्षा व्यवस्था के नाम पर आंदोलन शुरू हुआ और आज पूरा बेल्जियम जल रहा है। उन्होने बताया कि इसी तरह चिली ने वेनेजुएला में तख्तापलट के मुददे पर अमेरिका का विरोध किया। वहां भी वही सेम पैटर्न शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के नाम पर आंदोलन शुरू हुआ और पूरे चिली में आज अराजकता फैली हुई है और स्पेन ने भी ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का साथ देने से इंकार कर दिया। नतीजा वहां भी युवाओं के नाम पर मकान और हॉस्टल के किराए मे कमी के मांग को लेकर आंदोलन शुरू हुआ और पूरा स्पेन इसकी आग मे जल रहा है। हरियाणा स्टेट कोप्रेटिव हाउसिंग फैडरेशन लिमिटेड चेयरमैन सेठ सुभाष बंसल ने बताया कि भारत ने अमेरिका के शर्तों पर ट्रेड डील करने से मना कर दिया। रूस से तेल खरीदने पर रोक को मना कर दिया।

## खेलस्टेडियम में आयोजित रामलीला में सीता स्वयंवर में श्रीराम ने तोड़ा धनुष-रचाया विवाह



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय खेलस्टेडियम मैदान में श्री शिव रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित रामलीला के दौरान ताडक़ा वध व अहिल्या को वरदान के बाद गुरू विश्वामित्र ने श्रीराम, लक्ष्मण को गंगा मैया के दर्शन कराकर उन्हे इसके इतिहास से अवगत कराया। इसके बाद राजा जनक के दरबार में स्वयंवर की तैयारियां पूरी की जाने लगी और शंकर जी के धनुष को सीता जी दरबार में रखती है तथा शर्त बताई जाती है कि जो भी इस धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वरमाला डालेगी। स्वयंवर में मौजूद दूर दराज क्षेत्रों से आए राजा और राजकुमार प्रयास करते है लेकिन कामयाब नही हो पाते। इसी बीच खुद के बल पर इतराए रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते है तो आकाशवाणी हो जाती है कि रावण तेरी लंका में आग लग गई है। ऐसे में रावण स्वयंवर छोडक़र लंका के लिए प्रस्थान कर जाते है लेकिन जाने से पहले सीता को धमकी भरे शब्दों में यह भी कह जाते है कि सीते, एक दिन तुझको लंका जरूर दिखाउंगा। इसके बाद काफी समय तक राजा जनक की लक्ष्मण के साथ बहस होती है। श्रीराम उठते है और लक्ष्मण को शांत कहते है कि 'लडऩा अच्छा नही भाई-कुछ लक्ष्मण करो समाई'। राजा जनक से वार्ता के बाद संगीत की स्वर लहरियों के बीच राम आगे बढक़र श्री शिवजी के धनुष को प्रणाम करते है और धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाना शुरू करने पर धनुष के बीच में से टूटकर 2 टुकड़े हो जाते है। श्रीराम ने धनुष तोड़ा तो दर्शकों ने श्रीराम की जय के उदघोष लगाए। तभी राजा जनक के दरबार में महर्षि परशुराम आगमन करते है और आते ही पूछते है कि शिव का धनुष किसने तोड़ा। परशुराम के बार-बार पूछने पर भी जब कोई जवाब नही मिला तो वह गुस्सा हो गए और कहा कि मूर्ख जनक, जल्दी बता यह धनुष किसने तोड़ा है-इस भरे स्वयंवर में किसने सीता से नाता जोड़ा है। जल्दी उसकी सूरत दिखला-वरना चौपट कर डालूंगा, जितना पृथ्वी पर राज तेरा-सब उलट-पुलट कर डालूंगा। स्थिति को संभालने के लिए श्रीराम परशुराम के सामने आते है और शीश झुकाकर कहते है कि शिव धनुष तोडऩे वाला भी कोई शिव का भक्त होगा-जिसने यह अपराध किया, वह दास तुम्हारा होगा लेकिन परशुराम के क्रोध को ना थमते देख श्रीराम के अनुज लक्ष्मण बीच में आ जाते है। तब लक्ष्मण और भगवान परशुराम के बीच तीखी नोकझोंक शुरू होती है। दर्शकों को खूब मजा आता है। किसी प्रकार परशुराम का गुस्सा शांत होता है और सीता-श्रीराम के विवाह का मंचन होता है। श्री शिव रामलीला कमेटी से जुड़े पूर्व नगरपार्षद मुकेश सैनी, देविन्द्र अग्रवाल, प्रशांत बच्चस पम्मू, दिनेश गर्ग अड़बरिया, गौरव चुघ, हेमंत आर्य, हरीश गर्ग आदि ने बताया कि रामलीला आयोजन स्थल पर रामलीला देखने आ रहे दर्शकों की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है।

# गांव भौंड़सी में रामलीला का स्थान बदला-जगमाल सिंह स्टेडियम में की जा रही श्रीराम की लीलाएं

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी में आयोजित हो रही रामलीला इस बार पुराने स्थल के छोटा पडऩे की वजह से कप्तान जगमाल सिंह स्टेडियम में प्रदर्शित की जा रही है। शिक्षाविद पंडित अनिल कौशिक, ब्लॉकसमिति के पूर्व उपचेयरमैन राजेश राघव, लोकेश वशिष्ठ, रामकिशन राघव, नंबरदार भागीरथ राघव आदि ने बताया कि गांव में आदर्श रामलीला कमेटी की तरफ से प्रदर्शित की जा रही प्रभु श्रीराम की लीलाओं का शुभारंभ वर्ष-1977 में स्वर्गीय पंडित रामजीलाल शर्मा द्वारा किया गया था और उनकी चलाई गई यह परम्परा अब 49वें वर्ष में भी पूरी श्रद्धा व उत्साह के साथ जारी है। गांव के बीचोबीच होने वाली रामलीला का स्थल दर्शकों की भारी भीड़ के चलते छोटा पडऩे पर इस बार से इस रामलीला का आयोजन कप्तान जगमाल सिंह स्टेडियम में किया गया है। उन्होने बताया कि प्रतिदिन रामलीला की शुरूआत रंगमंच कलाकार रण सिंह राघव की तैयार की गई भेट भजन से हो रही है। इस रामलीला में नारद मुनि की भूमिका में पंडित अमरकिशोर शर्मा प्रभावशाली अभिनय कर रहे है तो गांव के नंबरदार और वकील भगवान विष्णु, नीरज राघव ब्रहमदेव, तरूण राघव भगवान शिव की भूमिका में नजर आए तो वही एडवोकेट प्रदीप गुप्ता ने मंत्री और हास्य कलाकार की दोहरी भूमिका निभाते हुए दर्शकों को जमकर हंसाते हुए लोटपोट कर दिया। रामलीला मंचन के दौरान विनय राघव ने रावण, जय राघव ने कुम्भकरण और गुलशन राघव ने इंद्र तथा विभीषण, प्रदीप राघव ने मेघनाद, हर्ष राघव ने कामदेव व करण गुप्ता ने राजा शीलनिधि और माधव गुप्ता ने विश्वमोहिनी की भूमिका निभाई जबकि देवगणों के रूप में हार्दिक देव, निशांत, जय, यशराज, यशवीर, लोकेश और कृष्ण ने बहुत ही बेहतरीन अभिनय कर दर्शको को मंत्रमुग्ध कर दिया जबकि राक्षस सेना में माधव राघव, मनीष, दक्ष, बाल विकास, कार्तिक, आयुष, पार्थ, वंश, शौर्य और रजत शामिल रहे। अहम बात यह है कि इन कलाकारों का श्रृंगार मेकअप आर्टिस्ट कमलप्रकाश, मनोज चौहान और गौरव संयुक्त रूप से कर रहे है तो रामलीला स्टेज के मंच प्रबंधन और व्यवस्थाओं में जगबीर राघव, अमित राघव, अभिषेक राघव, केशव गुप्ता, श्याम गुप्ता, नवीन जांगडा आदि का सराहनीय योगदान मिल रहा है। अहम बात यह है कि देर रात तक चलने वाली इस रामलीला में गांव भौंड़सी के साथ-साथ आसपास लगते कई गांवों से रामलीला देखने के शौकीन ग्रामीण परिवारों के साथ आ रहे है तो शिवनगरी सोहना से भी काफी परिवार इस रामलीला को देखने सपरिवार भौंड़सी पहुंच रहे है। रामलीला में आने वाले दर्शकों की सुरक्षा के लिए भी आदर्श रामलीला कमेटी व पुलिस प्रशासन की तरफ से विशेष इंतजाम किए गए है।

# मां दुर्गा का शांति रूप है ब्रहमचारिणी : पंडित दिनेश शर्मा

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** नवरात्रों के दूसरे दिन सोमवार को देवी ब्रहमचारिणी की आराधना कर रहे श्रद्धालुओं के बीच बोलते हुए क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी पंडित दिनेश शर्मा खेड़ला ने नवरात्रों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मां दुर्गा का शांति रूप ब्रहमचारिणी तप की शक्ति का प्रतीक है। इनकी कृपा से सिद्धि और विजय की प्राप्ति व सभी मनोवांछित कार्य पूरा होते है। इनकी आराधना से दरिद्रता दरवाजे से लौट जाती है और घर में लक्ष्मी का वास होता है। यह देवी भक्तों को संदेश देती है कि जीवन में बिना तपस्या और कठोर परिश्रम के सफलता प्राप्त नही हो सकती है। भगवान शिव को पति के रूप में पाने के लिए इन्होने हजारों वर्ष तक घोर तपस्या प्राप्त की। तब शिवजी को प्राप्त किया। क्षेत्र के जाने-माने समाजसेवी पंडित दिनेश शर्मा खेड़ला ने बताया कि मां दुर्गा का शांति रूप ब्रहमचारिणी का धार्मिक ग्रंथों में किए गए उल्लेख में बताया कि मां ब्रहमचारिणी का स्वरूप पूर्ण ज्योतिमय एवं भव्य है। इनके दाहिने हाथ में जप की माला और बाए हाथ में कमंडल रहता है। अपने पूर्वजन्म में जब यह राजा हिमालय के घर में पुत्री के रूप में पैदा हुई, तब नारद के कथन से इन्होने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए कठिन तपस्या की थी। एक हजार वर्ष तक उन्होने केवल फल-फूल खाकर ही व्यतीत किए थे। जब हजारों वर्ष की कठिन तपस्या के कारण देवी का शरीर एकदम क्षीण हो गया तो इनकी तपस्या से तीनों लोकों में हाहाकार मच गया। देवता, ऋषि, सिद्धिगण, मुनि सभी देवी की तपस्या की सराहना करने लगे। तब अंत में पितामह ब्रहमा जी ने आकाशवाणी द्वारा कहा कि हे देवी, आज तक किसी ने भी ऐसी कठोर तपस्या नही की थी। तुम्हारी मनोकामना अवश्य पूरी होगी और भगवान चन्द्रमोली शंकर तुम्हे पति रूप में प्राप्त होंगे। इसलिए अब तुम तपस्या से विरक्त होकर घर लौट जाओ। उन्होने बताया कि मां दुर्गा का यह दूसरा स्वरूप भक्तों और सिद्धों को अनंत फल देने वाला है। इनकी उपासना से मनुष्य में तप की आग, वैराग्य, सदाचार व संयम की वृद्धि होती है। मां की उपासना से कठिन संघर्षों में भी उपासकों का मन कर्तव्य पथ से विचलित नही होता और मां की कृपा से उपासकों को सर्वत्र सिद्धी और विजय की प्राप्ति होती है।

## शिवनगरी सोहना की रामलीला में आयोजित सीता स्वयंवर में श्रीराम ने तोड़ा धनुष-रचाया विवाह

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा प्राचीन हनुमानबगीची मैदान में आयोजित रामलीला के दौरान ताडक़ा वध व अहिल्या को वरदान के बाद गुरू विश्वामित्र ने श्रीराम, लक्ष्मण को गंगा मैया के दर्शन कराकर उन्हे इसके इतिहास से अवगत कराया। इसके बाद राजा जनक के दरबार में स्वयंवर की तैयारियां पूरी की जाने लगी और शंकर जी के धनुष को सीता जी दरबार में रखती है तथा शर्त बताई जाती है कि जो भी इस धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ा देगा, सीता उसी के गले में वरमाला डालेगी। स्वयंवर में मौजूद दूर दराज क्षेत्रों से आए राजा और राजकुमार प्रयास करते है लेकिन कामयाब नही हो पाते। इसी बीच खुद के बल पर इतराए रावण धनुष को उठाने के लिए जैसे ही झुकते है तो आकाशवाणी हो जाती है कि रावण तेरी लंका में आग लग गई है। ऐसे में रावण स्वयंवर छोडक़र लंका के लिए प्रस्थान कर जाते है लेकिन जाने से पहले सीता को धमकी भरे शब्दों में यह भी कह जाते है कि सीते, एक दिन तुझको लंका जरूर दिखाउंगा। इसके बाद काफी समय तक राजा जनक की लक्ष्मण के साथ बहस होती है। श्रीराम उठते है और लक्ष्मण को शांत कहते है कि 'लडऩा अच्छा नही भाई-कुछ लक्ष्मण करो समाई'। राजा जनक से वार्ता के बाद संगीत की स्वर लहरियों के बीच राम आगे बढक़र श्री शिवजी के धनुष को प्रणाम करते है और धनुष को उठाकर उस पर प्रत्यंचा चढ़ाना शुरू करने पर धनुष के बीच में से टूटकर 2 टुकड़े हो जाते है। श्रीराम ने धनुष तोड़ा तो दर्शकों ने श्रीराम की जय के उदघोष लगाए। तभी राजा जनक के दरबार में महर्षि परशुराम आगमन करते है और आते ही पूछते है कि शिव का धनुष किसने तोड़ा। परशुराम के बार-बार पूछने पर भी जब कोई जवाब नही मिला तो वह गुस्सा हो गए और कहा कि मूर्ख जनक, जल्दी बता यह धनुष किसने तोड़ा है-इस भरे स्वयंवर में किसने सीता से नाता जोड़ा है। जल्दी उसकी सूरत दिखला-वरना चौपट कर डालूंगा, जितना पृथ्वी पर राज तेरा-सब उलट-पुलट कर डालूंगा। स्थिति को संभालने के लिए श्रीराम परशुराम के सामने आते है और शीश झुकाकर कहते है कि शिव धनुष तोडऩे वाला भी कोई शिव का भक्त होगा-जिसने यह अपराध किया, वह दास तुम्हारा होगा लेकिन परशुराम के क्रोध को ना थमते देख श्रीराम के अनुज लक्ष्मण बीच में आ जाते है। तब लक्ष्मण और भगवान परशुराम के बीच तीखी नोकझोंक शुरू होती है। दर्शकों को खूब मजा आता है। किसी प्रकार परशुराम का गुस्सा शांत होता है और सीता-श्रीराम के विवाह का मंचन होता है। श्री शानदार रामलीला क्लब से जुड़े गौरव सिंगला, आशीष गर्ग, हितेश गोयल, हरिओम सिंगला, पंडित संजय वशिष्ठ, संदीप सिंगला कालू, नगरपार्षद नीरज सिंगला आदि ने बताया कि रामलीला आयोजन स्थल पर रामलीला देखने आ रहे दर्शकों की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है। रामलीला में भारी भीड़ नजर आ रही है।

# फ्रांस, बेल्जियम, स्पेन और चिली की तर्ज पर हो रहा भारत में अराजकता फैलाने का प्रयास : सुरेन्द्र तंवर

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** यहां पर गांव रामगढ़ में रहने वाले विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर ने बताया कि जिस तरह फ्रांस, बेल्जियम, स्पेन और चिली जहां पिछले एक हफ्ते से अराजकता फैलाई जा रही है, उसी तर्ज पर भारत में भी अलगाववादी ताकतें अराजकता फैलाने की साजिश रचते हुए ऐसा माहौल पैदा कर रही है ताकि देश की एकता, अखंडता को खतरा बन जाए और मौजूदा सरकार का तख्तापलट किया जा सके। उन्होने बताया कि जिस तरह फ्रांस ने ईरान के मुददे पर अमेरिका का साथ नहीं दिया। अमेरिकी हमले का विरोध किया। जिसके बाद वहां स्कूल ठीक करने के नाम पर एक आंदोलन शुरू हुआ और आज पूरे फ्रांस मे आग लगी हुई है। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर ने बताया कि बेल्जियम की कहानी भी वही है। इसने भी ईरान युद्ध मे अमेरिका का विरोध किया। वहां भी शिक्षा व्यवस्था के नाम पर आंदोलन शुरू हुआ और आज पूरा बेल्जियम जल रहा है। उन्होने बताया कि इसी तरह चिली ने वेनेजुएला में तख्तापलट के मुददे पर अमेरिका का विरोध किया। वहां भी वही सेम पैटर्न शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के नाम पर आंदोलन शुरू हुआ और पूरे चिली में आज अराजकता फैली हुई है और स्पेन ने भी ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिका का साथ देने से इंकार कर दिया। नतीजा वहां भी युवाओं के नाम पर मकान और हॉस्टल के किराए मे कमी के मांग को लेकर आंदोलन शुरू हुआ और पूरा स्पेन इसकी आग मे जल रहा है। उन्होने बताया कि भारत ने अमेरिका के शर्तों पर ट्रेड डील करने से मना कर दिया। रूस से तेल खरीदने पर रोक को मना कर दिया। टैरिफ का कोई असर नहीं हुआ। अमेरिका के किसी भी दबाव को मानने से इंकार कर दिया। भारत मे भी इसी तरह की आग लगाने की कोशिश हो रही है। विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र तंवर ने बताया कि पहले नीट के नाम पर सरकार ने अपनी सूझबूझ से मामला संभाल लिया। स्कूल ठीक करो का आंदोलन जनता ने ही फेल कर दिया। अब यह जबर्दस्ती का वोट चोरी के नाम पर देश मे किसी तरह आग लगाने की कोशिश हो रही है। मुददा एक ही है कि किसी तरह भारत को झुकाया जाए। इसकी तरक्की को रोका जाए।

# संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ रहे राहुल गांधी : कांग्रेस नेता राकेश शर्मा

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया ने सोमवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को अपने साथ कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के झंडे तले मंगलवार, 13 अक्टूबर को वोट चोरी के खिलाफ किए जाने वाले राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि वह अपनी अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं को इस विरोधप्रदर्शन में लेकर मंगलवार, 13 अक्टूबर की भोर सवेरे चार बजे अपने कार्यालय से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। उन्होने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों और वोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन करना हर भारतीय का संवैधानिक अधिकार है तथा अच्छी बात यह है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त व केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों के आगे झुकने की बजाय संविधान की रक्षा और जनहित के मुददों को जोरशोर से उठाकर पूरी ताकत के साथ संघर्ष करते हुए चुनावआयोग और भाजपा की अंदरूनी सांठगांठ का भांड़ाफोड़ कर रहे है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कांग्रेस के वोट बचाओ-देश अभियान को मिलते जन समर्थन को देख इतनी बुरी तरह डर व बौखला गई है कि कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद करा रही है तथा विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए कभी बार्डर सील कर तो कभी वाहनों की तलाशी लेकर तो कभी मेट्रो और रेल सेवाएं रोककर अलोकतांत्रिक तरीके अपना रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी का एक भी कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ी जा रही इस लड़ाई में तनिक भी दबने, झुकने और टूटने वाला नही है। कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता राकेश शर्मा साचौलिया ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, खाकी व लाठीतंत्र के दम पर लोगों की आवाज दबाने के आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात सरकार ने बना दिए है। देश में संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे है तो लोकतंत्र की रक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर लड़ाई लड़ रहे कांग्रेस-इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है लेकिन हरियाणा के युवा बहादुर और दिलेर है।

## राहुल गांधी संविधान और लोकतंत्र बचाने की लड़ रहे लड़ाई : कांग्रेस नेता शाहीन शम्स

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता शाहीन शम्स ने सोमवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को अपने साथ कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के झंडे तले मंगलवार, 13 अक्टूबर को वोट चोरी के खिलाफ किए जाने वाले राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि वह अपनी अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं को इस विरोधप्रदर्शन में लेकर मंगलवार, 13 अक्टूबर की भोर सवेरे चार बजे अपने कार्यालय से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। उन्होने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों और वोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन करना हर भारतीय का संवैधानिक अधिकार है तथा अच्छी बात यह है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त व केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों के आगे झुकने की बजाय संविधान की रक्षा और जनहित के मुददों को जोरशोर से उठाकर पूरी ताकत के साथ संघर्ष करते हुए चुनावआयोग और भाजपा की अंदरूनी सांठगांठ का भांड़ाफोड़ कर रहे है। युवा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता शाहीन शम्स ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कांग्रेस के वोट बचाओ-देश अभियान को मिलते जन समर्थन को देख इतनी बुरी तरह डर व बौखला गई है कि कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद करा रही है तथा विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए कभी बार्डर सील कर तो कभी वाहनों की तलाशी लेकर तो कभी मेट्रो और रेल सेवाएं रोककर अलोकतांत्रिक तरीके अपना रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी का एक भी कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ी जा रही इस लड़ाई में तनिक भी दबने, झुकने और टूटने वाला नही है। युवा कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता शाहीन शम्स ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, खाकी व लाठीतंत्र के दम पर लोगों की आवाज दबाने के आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात सरकार ने बना दिए है। देश में संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे है तो लोकतंत्र की रक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर लड़ाई लड़ रहे कांग्रेस-इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है लेकिन हरियाणा के युवा बहादुर और दिलेर है। जब वह ब्रिटिश व अंग्रेजी हुकूमत ना झुके, ना दबे, ना टूटे, ना घबराए तो इस हिटलरशाही भाजपा सरकार के हथकंडों के आगे हरियाणवी और देशवासी तनिक भी दबने, झुकने और टूटने वाले नही है। दिल्ली में आज होने वाली रैली अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक रैली होगी।

# डेए-एनआरएलएम की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला 12 अक्टूबर से होगी

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** ग्रामीण विकास मंत्रालय के दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डेए-एनआरएलएम) की ओर से 12 और 13 अक्टूबर को आईटीसी ग्रैंड भारत, गुरुग्राम में लोकोस (LokOS) लेन-देन एप्लिकेशन और मॉनिटरिंग, इवैल्यूएशन एंड लर्निंग (एमईएल) पर दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन इस कार्यशाला की मेजबानी कर रहा है। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 200 प्रतिनिधि, विषय विशेषज्ञ और तकनीकी भागीदार भाग लेंगे। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), ग्राम संगठनों (वीओ) और क्लस्टर लेवल फेडरेशन (सीएलएफ) के वित्तीय लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने के लिए लोकोस ट्रांजेक्शन एप्लिकेशन के उपयोग को बढ़ावा देना है। इसके तहत ग्राम निधि एवं फंड डिस्बर्समेंट मॉड्यूल (एफडीएम), कैडर मैनेजमेंट और ट्रेनिंग मैनेजमेंट जैसे एकीकृत मॉड्यूल पर भी चर्चा होगी। लोकोस के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़े लगभग 15 लाख करोड़ रुपये के ऋण विवरण और वर्तमान में लगभग 4.50 लाख करोड़ रुपये के बकाया ऋण का रिकॉर्ड दर्ज करने की दिशा में काम किया जाएगा। इससे स्वयं सहायता समूहों और उनके फेडरेशनों में फंड प्रबंधन को बेहतर बनाने तथा लखपति दीदियों के लिए ऋण की आसान उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। कार्यशाला के तहत एमईएल प्रणाली को प्रभावी बनाने पर भी चर्चा की जाएगी। इसमें राज्यों के बीच अनुभवों और बेहतर कार्यप्रणालियों को साझा करने, मॉनिटरिंग एवं मूल्यांकन से जुड़े टूल्स, टेम्प्लेट और मापदंडों को मानकीकृत करने तथा एमईएल से जुड़ी प्राथमिकताओं को राज्यों की वार्षिक कार्य योजनाओं के अनुरूप तैयार करने पर ध्यान दिया जाएगा।

# मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों का देंगे मुंहतोड़ जवाब : कैप्टन शीशपाल रूहेला

**ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता**

**सोहना।** सोहना में डाक्टर भीमराव अंबेडकर समिति में उपाध्यक्ष तथा भारतीय सेना से सेवानिवृत और अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश उपचेयरमैन कैप्टन शीशपाल रूहेला ने सोमवार को क्षेत्र में दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों को अपने साथ कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के झंडे तले मंगलवार, 13 अक्टूबर को वोट चोरी के खिलाफ किए जाने वाले राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन में चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि वह अपनी अगुवाई में हजारों कार्यकर्ताओं को इस विरोधप्रदर्शन में लेकर मंगलवार, 13 अक्टूबर की भोर सवेरे चार बजे अपने कार्यालय से दिल्ली के लिए कूच करेंगे। उन्होने कहा कि सरकार की जनविरोधी नीतियों और वोट चोरी के खिलाफ शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन करना हर भारतीय का संवैधानिक अधिकार है तथा अच्छी बात यह है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी मुख्य चुनाव आयुक्त व केन्द्र सरकार की दमनकारी नीतियों के आगे झुकने की बजाय संविधान की रक्षा और जनहित के मुददों को जोरशोर से उठाकर पूरी ताकत के साथ संघर्ष करते हुए चुनावआयोग और भाजपा की अंदरूनी सांठगांठ का भांड़ाफोड़ कर रहे है। सोहना में डाक्टर भीमराव अंबेडकर समिति में उपाध्यक्ष तथा भारतीय सेना से सेवानिवृत और अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश उपचेयरमैन कैप्टन शीशपाल रूहेला ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार कांग्रेस के वोट बचाओ-देश अभियान को मिलते जन समर्थन को देख इतनी बुरी तरह डर व बौखला गई है कि कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को उनके घरों पर ही नजरबंद करा रही है तथा विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए कभी बार्डर सील कर तो कभी वाहनों की तलाशी लेकर तो कभी मेट्रो और रेल सेवाएं रोककर अलोकतांत्रिक तरीके अपना रही है लेकिन कांग्रेस पार्टी का एक भी कार्यकर्ता संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ी जा रही इस लड़ाई में तनिक भी दबने, झुकने और टूटने वाला नही है। सोहना में डाक्टर भीमराव अंबेडकर समिति में उपाध्यक्ष तथा भारतीय सेना से सेवानिवृत और अखिल भारतीय असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के प्रदेश उपचेयरमैन कैप्टन शीशपाल रूहेला ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक संस्थाओं को कमजोर करने, खाकी व लाठीतंत्र के दम पर लोगों की आवाज दबाने के आरोप लगाते हुए कहा कि आज देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात सरकार ने बना दिए है। देश में संवैधानिक संस्थाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे है तो लोकतंत्र की रक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए एकजुट होकर संघर्ष कर लड़ाई लड़ रहे कांग्रेस-इंडिया गठबंधन कार्यकर्ताओं को दिल्ली जाने से रोकने के लिए सरकार ने अपनी पूरी ताकत झोक दी है लेकिन हरियाणा के युवा बहादुर और दिलेर है। जब वह ब्रिटिश व अंग्रेजी हुकूमत ना झुके, ना दबे, ना टूटे, ना घबराए तो इस हिटलरशाही भाजपा सरकार के हथकंडों के आगे हरियाणवी और देशवासी तनिक भी दबने, झुकने और टूटने वाले नही है। दिल्ली में आज होने वाली रैली अब तक की सबसे बड़ी और ऐतिहासिक रैली होगी।